दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। गुरूवार 21 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 162 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

दैनिक
करंट क्राइम
होली महोत्सव
23 मार्च 2024
समयः सायं
4.00 बजे।

खूब जमेगा रंग, जब खेलेंगे
गाजियाबाद वाले होली एक संग !!

दैनिक समाचार पत्र
करंट क्राइम
सिर्फ सच...

महा होली मिलन समारोह

दिन: 23 मार्च, शनिवार सायं : 4:00 बजे से
स्थान : इम्पीरियल गार्डन एवं रिसोर्ट, हापुड़ रोड, गाजियाबाद

परम सानिध्य : श्री सुभाष चंद गुप्ता, डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी
संरक्षक : श्री राकेश यादव, श्रीमती अंकिता गुप्ता, श्री विवेक भाटी

निवेदक
श्री मनोज गुप्ता (सम्पादक), श्री दीपक भाटी (समाचार सम्पादक)
श्री सुभाष शर्मा, श्री गौरव शशि नारायण, श्री उदयवीर सिंह, श्री रविन्द्र शर्मा (कर्मयोगी),
श्री मुनीश बिल्सवी, श्री अभिषेक गर्ग, श्री हरीश कुमार, श्री राजन माहेश्वरी, श्री मनोज डागर,
श्री मनीष शिशोदिया, श्री नीरज पाल, श्री शशांक शर्मा, श्री मुकेश वैद्य,
श्री वरूण लाहौरिया, श्री शिवकुमार यादव, श्री वीरेंद्र कुशवाह, श्री विष्णु गुप्ता,
श्री जोगेंद्र सिंह, श्री अरूण वर्मा, श्री प्रमोद शर्मा, चौधरी अफसर अली,
श्री कोमल शर्मा, श्री विक्की सैनी, श्री तनिष्क चौधरी, श्री नितिन कुमार

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। गुरूवार 21 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 162 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर केंद्र की सफाई

सुप्रीम कोर्ट में कहा- संस्थाओं की आजादी के लिए ज्यूडिशियल मेंबर का शामिल होना जरूरी नहीं

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और अन्य चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति वाले नए कानून को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। केंद्र सरकार ने कहा- यह दलील गलत है कि किसी संवैधानिक संस्था की स्वतंत्रता तभी होगी, जब सिलेक्शन पैनल में कोई ज्यूडिशियल मेंबर जुड़े। इलेक्शन कमीशन एक स्वतंत्र संस्था है। इस याचिका का मकसद सिर्फ राजनीतिक विवाद को खड़ा करना है। सुप्रीम कोर्ट नए कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा है। ये याचिका कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने दाखिल की थी। पीठ ने इस याचिका पर 12 जनवरी को सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

नए कानून पर विपक्ष ने आपत्ति दर्ज कराई थी

विपक्षी दलों का कहना था कि सरकार सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ बिल लाकर उसे कमजोर कर रही है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2023 में एक आदेश में कहा था कि सीईसी की नियुक्ति प्रधानमंत्री, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया और विपक्ष के नेता की सलाह पर राष्ट्रपति करें।

क्या प्रधानमंत्री के खाते में आ गई है गाजियाबाद लोकसभा घोषणा की बॉल !

भाजपा की यह वीवीआईपी सीट क्यों होल्ड की गई है।

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद लोकसभा के टिकट की घोषणा होल्ड हो गई। नोएडा का टिकट घोषित हुआ और मेरठ तथा गाजियाबाद लोकसभा सीटों को होल्ड पर रख दिया गया। इसके बाद से ही लगातार कयास इस बात को लेकर लगाए जा रहे हैं कि आखिर भाजपा की यह वीवीआईपी सीट क्यों होल्ड की गई है। जब टिकट होल्ड हुआ तो चर्चा में कई नाम आ गए। अब नाम वाले तो खामोश हैं लेकिन इन नामों को चर्चा में चलाने वाले चेहरों के दिल में अलग ही जोश है। सूत्र बता रहे हैं कि जो सियासी हालात इस समय दिख रहे हैं, उससे यह लग रहा है कि गाजियाबाद लोकसभा सीट की घोषणा वाली बॉल प्रधानमंत्री के पाले में आ गई है। जानकार बता रहे हैं कि इस समय प्रधानमंत्री बाहर हैं और जैसे ही वो बाहर से लौटेंगे वैसे ही टिकट घोषणा पर बहार आ जाएगी। सूत्र बताते हैं कि जिस लिफाफे में नाम बंद है वो लिफाफा प्रधानमंत्री को ही खोलना है। वहीं, दूसरी तरफ मौजूदा लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह अपने टिकट को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। लोकसभा में उनकी रेस बता रही है कि तीसरी बार भी वही फेस होने जा रहे हैं। जनरल वीके सिंह अपनी लोकसभा में पूरी तरह से एक्टिव दिख रहे हैं, उन्होंने आचार संहिता लागू होने से पहले अपनी सांसद निधि से कराए गए सभी विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जनरल वीके सिंह ने 24 मार्च का होली मिलन समारोह भी रखा है। वो लगातार अपनी लोकसभा में कनेक्टिव और एक्टिव हैं। सूत्र बताते हैं कि सियासत वालों का एक खेमा किसी खेल की आशंका से इनकार नहीं कर रहा है और वहीं जनरल खेमा अपने टिकट को कंफर्म मानकर चल रहा है।

सपा की छठी सूची; पीलीभीत से उम्मीदवार का ऐलान, नोएडा से प्रत्याशी बदला

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने बुधवार को एक और उम्मीदवारों की सूची जारी की। इस बार फिर पार्टी ने छह उम्मीदवारों के टिकट का एलान किया है। पार्टी ने संभल (8) से जियाउर्रहमान बर्क, बागपत (11) से मनोज चौधरी, गौतम बुद्ध नगर (13) से राहुव अवाना, पीलीभीत (26) से भगवत सरन गंगवार, घोसी (70) से राजीव राय और मिजार्पुर (79) से राजेंद्र एस बिंद को चुनावी मैदान में उतारा है।

49 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान

इससे पहले सपा 43 नामों का एलान कर चुकी थी, छठी सूची के बाद से अब यह संख्या 49 हो गई है। हालांकि यह संख्या वास्तविकता में 48 है, क्योंकि इंडिया गठबंधन होने के बाद वाराणसी लोकसभा सीट

कांग्रेस के खाते में चली गई है तो पार्टी को वहां से अपना उम्मीदवार हटाना होगा। इसके अलावा संभल से सांसद रहे शफीकुर्रहमान बर्क का निधन हो जाने के बाद सपा ने उनके पोते व कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक को उम्मीदवार घोषित किया है।

पहली सूची में इन्हें बनाया उम्मीदवार

संभल से शफीकुर्रहमान बर्क
फिरोजाबाद से अक्षय यादव
मैनपुरी से डिम्पल यादव
एटा से देवेश शाक्य
खीरी से उत्कर्ष वर्मा
धौरहरा से आनन्द भदौरिया
उन्नाव से अनु टंडन
लखनऊ से रविदास मेहरोत्रा
फरुर्खाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य
अकबरपुर से राजाराम पाल
बांदा से शिवशंकर सिंह पटेल
फैजाबाद से अवधेश प्रसाद
अम्बेडकर नगर से लालजी वर्मा
बस्ती से रामप्रसाद चौधरी
गोरखपुर से काजल निषाद

दूसरी सूची में किसे कहां से दिया टिकट

मुज्जफनगर से हरेंद्र मिलक
आंवला से नीरज मौर्य
शाहजहांपुर से राजेश कश्यप
हरदोई से उषा वर्मा
मिश्रिख से रामपाल राजवंशी
मोहनलालगंज से आरके चौधरी
प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल
बहराइच से रमेश गौतम
गोंडा से श्रेया वर्मा
गाजीपुर से अफजाल अंसारी
चंदौली से वीरेंद्र सिंह

तीसरी सूची

कैराना से इकरा हसन
बदायूं से शिवपाल यादव
हमीरपुर से अजेंद्र सिंह राजपूत
वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल
बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन

चौथी सूची में किसे कहां से टिकट

बिजनौर (6) - यशवीर सिंह
मेरठ (10) - भानु प्रताप सिंह (एडवोकेट)
नगीना (5) - मनोज कुमार (Ex. ADJ)
लालगंज (68) - दरोगा सरोज
अलीगढ़ (15) - बिजेंद्र सिंह
हाथरस (16) - जसवीर बाल्मिक

पांचवीं सूची में किसे कहां से टिकट

आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव
इटावा से जितेंद्र दोहरे
गौतमबुद्धनगर से महेंद्र नागर
सुलतानपुर से भीम निषाद
श्रिक से मनोज कुमार राजवंशी
जालौन से नारायण दास आहिरवार

छठी सूची में किसे कहां से टिकट

संभल से जियाउर्रहमान बर्क,
बागपत से मनोज चौधरी
गौतम बुद्ध नगर से राहुव अवाना
पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार
घोसी से राजीव राय
मिजार्पुर से राजेंद्र एस बिंद

नामांकन स्थल का पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने किया निरीक्षण

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गाजियाबाद में चुनावी आचार संहिता लागू हो चुकी है। तो वहीं पुलिस और प्रशासन आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए एक्शन मोड में आ चुके हैं। 28 मार्च से निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। वहीं नाम दाखिल करने का अंतिम दिन 4 अप्रैल रहेगा। 5 अप्रैल को स्कूटी की जाएगी और 8 अप्रैल को नाम वापसी का दिन होगा। इसी के साथ 26 अप्रैल को गाजियाबाद में मतदान होगा और 4 जून को चुनावी रिजल्ट जारी करने का दिन फाइनल किया गया है।

बैरिकेडिंग से लेकर वाहन पार्किंग और नामांकन कक्ष तक पहुंचे अधिकारी

पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह और एसीपी कवि नगर भी रहे मौजूद

अधिकारियों ने देखा नामांकन कक्ष

करंट क्राइम। बुधवार को पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी जोन कुवंर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां सबसे पहले पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया। इसके बाद किन मुख्य स्थानों पर बैरिकेटिंग की जानी है उन स्थानों को अधिकारियों ने जायजा लिया। इसके साथ ही नामांकन स्थल के रूप में जो कक्ष संख्या 102 ग्राउंड फ्लोर कलेक्ट्रेट का चयन किया गया है वहां का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। यह निरीक्षण आगामी नामांकन प्रक्रिया को ध्यान में रखकर किया गया है।

सीसीटीवी भी किए जाएंगे फिट

कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य द्वार और कई अन्य ऐसे बिंदु चिन्हित किए गए हैं जहां पर सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरे लगाने का मकसद यह है कि यहां सुरक्षा का भाव पैदा हो और नामांकन के दौरान होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

जातिवाद की राजनीति से होता है लोकतंत्र का नुकसान

पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने अपने लेख में उठाया मुद्दा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनीति में जातिवाद का खुलकर नंगा नाच हो रहा है। पहले केवल अखबार जातियों के आधार पर टिकटों के मिलने और प्रत्याशियों के जीत की समीक्षा करते थे। जातियों के आंकड़े उनके अपने होते थे क्योंकि सरकार द्वारा तो स्वतंत्र भारत में जातीय गणना कभी कराई नहीं। पहले राजनेता सामाजिक समीकरण साधने के नाम पर जातीयता का खेल खेलते थे। अब तो राजनैतिक दल खुले तौर पर जातीयता की वकालत करने लगे हैं। कांग्रेस के सबसे बड़े नेता जातियों की गिनती कराने को सम्भवतः अपनी चुनावी घोषणा में शामिल करेंगे। जातियों के नेता भी अपनी अपनी जातियों को टिकट दिए जाने की मांग करते हैं। कई संगठन बजाप्ता अपनी बिरादरियों के लिए राजनैतिक दलों पर दबाव बनाते हैं। मुझे नहीं पता कि जातियों के आधार पर टिकटों का बटवारा देश और समाज का कितना भला करेगा। लेकिन हमने तो आर्यसमाज से और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ये ही जाना था कि समाज को जातियों में बांटना न तो समाज के हित में है और न देश के हित में है। व्यक्ति अच्छा होना चाहिए किसी भी जाति का हो। स्वतंत्रता आंदोलन में और आजादी के तुरंत बाद भी जातीयता से ऊपर मानवता थी। उम्मीदवार का अच्छा होना आवश्यक था। भाजपा में तो चाल चरित्र और चेहरे की बात प्रमुखता से होती थी।

पहले राजनेता सामाजिक समीकरण साधने के नाम पर जातीयता का खेल खेलते थे। अब तो राजनैतिक दल खुले तौर पर जातीयता की वकालत करने लगे हैं।

लेकिन जो विभिन्न जातियों के वे नेता जो राजनीति में हैं ,वे कुछ दूसरी तरह से सोचते हैं। वे जातियों के आधार पर टिकट मिलें इसके तो पक्षधर हैं। लेकिन वह मेरी जाति में केवल मुझे ही मिंले और मेरी जाति के किसी को अन्य को न मिले।एक बार की बहुत पुरानी बात है हम श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के आवास से निकल रहे थे ,हमें बागपत के कार्यकर्ता मिल गए। कहने लगे जाटों की उपेक्षा हो रही है। हमने कहा कि इस बार भाजपा जस्टिस महाबीर सिंह को राज्य सभा भेज रही है और पिछली बार जाट कालिज बड़ौत के प्रिंसिपल डॉ. रणवीर सिंह को राज्य सभा भेजा है। उसने कहा कि जाट भीख का सम्मान नहीं चाहता ,उसे लोक सभा दो। मेरे साथ तेलूराम कंबोज जी थे ,उन्होंने कहा कि वह भी आपको ही मिंले ? उसने उत्तर दिया हाँ क्यों नहीं मिलना चाहिए ? मुझसे अच्छा उम्मीदवार दूसरा कोई है क्या ?

जब हम सक्रिय थे तब अधिकतर भाजपा के त्यागी कार्यकर्ता हमारे विरोध में वर्षों वर्ष विषवमन करते थे। टिकट बंटवारे के समय कहते थे कि ये हटेगा नहीं तो हमारा नम्बर कैसे आएगा। सारे त्यागी प्रत्याशी हमारी बुराई निकालते थे लेकिन अपनी अच्छाई नहीं बताते थे। उन सबका ऐसा व्यवहार होता था कि मानों विधान सभा का चुनाव न होकर त्यागी समाज का चुनाव होने जा रहा हो।

मैं एक वैश्य समाज के पत्रकार का बयान देख रहा था कि उत्तर प्रदेश में 14 प्रतिशत वैश्य समाज है लेकिन उन्हें उनकी आबादी के अनुसार प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। दूसरी ओर अपवाद को छोड़कर वैश्य समाज के भाजपा के नेता चाहते हैं कि यहां अगर वैश्य को टिकट मिंले तो केवल मुझे ही मिले नहीं तो फिर चाहे किसी को मिल जाय। लगभग सभी समाजों में यही स्थिति है। आम समाज प्रतिनिधित्व चाहता है लेकिन उनके नेता अपना चाहते हैं। अगर समाज के किसी दूसरे को मिंले तो कहीं दूसरी जगह से मिंले हमारे यहां से न मिले ।

वैश्य समाज के भाजपा के नेता चाहते हैं कि यहां अगर वैश्य को टिकट मिंले तो केवल मुझे ही मिले नहीं तो फिर चाहे किसी को मिल जाये। लगभग सभी समाजों में यही स्थिति है।

जब हम सक्रिय थे तब अधिकतर भाजपा के त्यागी कार्यकर्ता हमारे विरोध में वर्षों वर्ष विषवमन करते थे। टिकट बंटवारे के समय कहते थे कि ये हटेगा नहीं तो हमारा नम्बर कैसे आएगा।

जनरल वीके सिंह का होली मिलन समारोह 24 मार्च को : अजय गुप्ता

शहरवासियों में फैली खुशी की लहर

गाजियाबाद,करंट क्राइम। उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय गुप्ता ने कहा है कि स्थानीय सांसद जनरल वीके सिंह द्वारा 24 माच को होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित करने पर, शहरवासियों के मन में खुशी की लहर दौड़ गई है। अजय गुप्ता ने कहा कि शहर के लागों ने अपनी पूरी आस्था जनरल वी के सिंह में जता दी है। जनरल वीके सिंह का होली मिलन का कार्यक्रम उन लोगों के लिए पैगाम है जो उनका विरोध कर रहे थे पर अब हाईकमान की आस्था के ऊपर सब गिले शिकवे दूर होने चाहिए। अजय गुप्ता ने कहा कि महानगर का विकास ना रुका है,ना रुकेगा। गाजियाबाद का नाम पूरे देश में एक बार फर चमक कर आएगा पिछले 14 और 19 के रिकार्ड मतों से जीतकर 2024 में एक नया कीर्तिमान जनरल वीके सिंह बनाएंगे। पिछले 10 सालों में स्थानीयसांसद पर कोई भ्रष्टाचार,कोई परिवारबाद, की मोहर नहीं लगी है,नाहीं आगे लगेगी। सबको अब होली पर गिले शिकवे मिटाकर एकजुट होना है।

> शहर के लागों ने अपनी पूरी आस्था जनरल वीके सिंह में जता दी है। जनरल वीके सिंह का होली मिलन का कार्यक्रम उन लोगों के लिए पैगाम है जो उनका विरोध कर रहे थे पर अब हाईकमान की आस्था के ऊपर सब गिले-शिकवे दूर होने चाहिए।
> **अजय गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं समाजसेवी**

केजरीवाल की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई

कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब, समन के खिलाफ सीएम ने दी थी अर्जी

दिल्ली। केजरीवाल ने शराब नीति केस से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए जारी किए गए प्रवर्तन निदेशालय के समन को चुनौती दी थी। जिसपर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल के वकील वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि सीएम पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने क्यों नहीं पेश हो रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी द्वारा भेजे के समन को हाईकोर्ट में चुनौती दी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। केजरीवाल की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हो रही है। उन्होंने ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा एजेंसी द्वारा उन्हें जारी किए गए कई समन को चुनौती देने वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सुनवाई की तारीख 22 अप्रैल 2024 तय की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केजरीवाल के वकील वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि सीएम पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने क्यों नहीं पेश हो रहे हैं। सिंघवी ने जवाब दिया कि उन्हें आशंका है कि ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी और अगर उन्हें सुरक्षा दी जाए तो मुख्यमंत्री पेश होने के लिए तैयार हैं। पीठ ने पूछा आप देश के नागरिक हैं, समन केवल नाम के लिए है। आप पेश क्यों नहीं होते। पीठ ने वरिष्ठ वकील से पूछा ईडी द्वारा सामान्य प्रथा क्या है और क्या यह पहले समन पर ही लोगों को गिरफ्तार कर लेती है। सिंघवी ने कहा कि आप नेता मनीष सिसौदिया और संजय सिंह को भी एजेंसी ने इसी तरह गिरफ्तार किया था। यह नई शैली है।

मंगलवार को याचिका में केजरीवाल ने तर्क रखा कि सभी समन गैरकानूनी है और निचली अदालत की ओर से उनके खिलाफ नोटिस जारी किए जाने के बावजूद ईडी व सीबीआई बार-बार समन जारी कर रही है। यह मात्र राजनीतिक रूप से जारी किए गए है।

ईडी ने निचली अदालत में कहा था कि केजरीवाल को आठ बार समन जारी किया गया, लेकिन वे इसका अनुपालन नहीं करते हुए एक बार भी पेश नहीं हुए हैं। इसको लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। उस मामले में केजरीवाल अदालत में पेश होकर जमानत ले चुके हैं। केजरीवाल के खिलाफ नौवां समन हाल ही में जारी किया गया है। मजिस्ट्रेट की अदालत ने ईडी की दो शिकायतों पर समन जारी किया था। पहली शिकायत पर सुनवाई के दौरान अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मलहोत्रा ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि केजरीवाल ईडी के समन का सम्मान करने के लिए बाध्य हैं।

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत समन जारी होने के बावजूद जांच में शामिल होने में बार-बार विफल रहने के बाद ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ अदालत से शिकायत की है।

लाल सिंह की कांग्रेस में वापसीः भाजपा-डीपीडी सरकार में रहे मंत्री

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तरफ से लाल सिंह का पार्टी में स्वागत किया। विकार रसूल वानी ने कहा कि लाल सिंह की पार्टी में वापसी से प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस के फिर वापसी चौधरी लाल सिंह ने पार्टी में वापसी पर कांग्रेस नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह जब जिस पार्टी में होते हैं, उनकी सरकार जरूर बनती है। डोगरा अंदाज में फिर नजर आए लाल सिंह : लाल सिंह ने कहा कि वह डोगरा हैं और अगर दिल्ली दूर है तो वह इसलिए कि डोगरे सरहद पर तैनात हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में चुनाव लड़ना ही बड़ी बात है। वहां हमले होना आम है।

उधमपुर सीट से लड़ने के दिए संकेत : इशारों में उन्होंने उधमपुर सीट से लड़ने की बात भी कही। लाल सिंह ने कहा, 'मै जिस सीट पर लड़ने जा रहा हूं, भाजपा वहां से 370 सीट जीतने की ख्वाब देख रही हैं। लेकिन जब वह पहली सीट ही हारने वाले हैं तो 370 की गिनती कहां जाएगी।' उन्होंने साफ इशारा किया कि वह उधमपुर सीट से लड़ने जा रहे हैं। हालांकि कांग्रेस की तरफ से इस सीट पर अभी उम्मीदवार की घोषणा किया जाना बाकी है। अगर कांग्रेस एक बार फिर लाल सिंह को उधमपुर सीट से मैदान में उतारती है तो इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो जाएगा। लाल सिंह का गृह जिले कठुआ में आधार है और इस निर्वाचन क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जिलों में कांग्रेस की अच्छी प्रतिष्ठा है।

इससे डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ उनका सीधा मुकाबला होगा। जबकि, गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेस आजाद पार्टी (डीपीएपी) के उम्मीदवार गुलाम मोहम्मद सरूरी भी इस सीट से चुनाव लड़ेंगे। वह किश्तवाड़ के मूल निवासी हैं। ऐसे में इस सीट पर मुकाबला जबरदस्त होने वाला है।

चौधरी लाल सिंह ने राजनीति की शुरूआत छात्र नेता के तौर पर की थी। वह तीन बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके हैं। पहली बार 1996 में कठुआ की बसोहली सीट से कांग्रेस टिकट पर विधायक बने। 2002 में भी वह यहां से जीते और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस की गठबंधन सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने। स्वास्थ्य मंत्री बनने के दौरान भी वह खूब सुर्खियों में रहे।

उधमपुर की सीट से दो बार बने सांसद : इसके बाद साल 2004 और 2009 में उधमपुर की सीट से जीत कर लाल सिंह लोकसभा पहुंचे। साल 2014 में कांग्रेस की तरफ से टिकट न मिलने के चलते उन्होंने कांग्रेस से नाता तोड़ लिया।

लखनऊ लोकसभा सीटः वोट 27.93 प्रतिशत तक बढ़ा, फिर भी हार गई कांग्रेस

सिर्फ 2009 में मुश्किल में आई भाजपा

लखनऊ। भाजपा का गढ़ कही जाने वाली लखनऊ लोकसभा सीट पर 2009 के आम चुनाव में पार्टी का वोट शेयर 21.19 प्रतिशत कम हो गया था। हालांकि, सीट भाजपा के पास ही रही। इस चुनाव में विपक्ष का वोट शेयर 27.93 फीसदी बढ़ा, लेकिन मत कम मिलने से कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा।

बीते तीन दशक में पहली बार पार्टी को मिलने वाला वोट शेयर कम होने से भाजपा संगठन ने अपने कद्दावर नेता राजनाथ सिंह को 2014 में मैदान में उतारा तो पिछले सारे रिकार्ड टूट गए और वोट शेयर 19.34 प्रतिशत तक बढ़ गया। दरअसल दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सीट से 2009 के चुनाव में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालजी टंडन को मैदान में उतारा गया। इसमें उन्हें 2,04,028 वोट मिले, जोकि वर्ष 2004 की तुलना में पार्टी का वोट शेयर 21.19 प्रतिशत कम था। हालांकि, विपक्ष के प्रत्याशी से अधिक मत मिलने के चलते भाजपा को जीत मिली। इस चुनाव में भाजपा को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की कमी बेहद खली। जिसका पूरा लाभ कांग्रेस को मिला। वहीं, 2004 के लोकसभा चुनाव की तुलना में कांग्रेस का मत 27.93 प्रतिशत बढ़ गया। हालांकि, इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी 1,63,127 वोट पाने के बावजूद हार गईं। भाजपा की परंपरागत सीट पर 21.19 प्रतिशत वोट शेयर गिरने से संगठन सोचने पर मजबूर हो गया।

राजनाथ ने तोडे़ रिकॉर्ड : 2014 में भाजपा ने राजनाथ सिंह को मैदान में उतारा तो मतदान के सारे रिकॉर्ड टूट गए। भाजपा का वोट शेयर 19.34 प्रतिशत तक बढ़ गया। राजनाथ सिंह ने इस चुनाव में 5. 61 लाख से ज्यादा वोट हासिल किए। कांग्रेस की रीता बहुगुणा जोशी को सिर्फ 2.88 लाख वोट मिले। इस चुनाव में राजनाथ सिंह ने लखनऊ से 2.77 लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की।

राजनीतिक गहमागहमी के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पहुंचीं शिमला

शिमला। हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक गहमागहमी के बीच अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार को शिमला पहुंची हैं। प्रियंका चंडीगढ़ से सड़क मार्ग से होते हुए शिमला पहुंची हैं। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी प्रियंका के साथ सड़क मार्ग से शिमला लौटे हैं। प्रियंका गांधी का यह निजी दौरा बताया जा रहा है। शिमला दौरे के दौरान प्रियंका हिमाचल के कई कांग्रेस नेताओं से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों पर फीडबैक ले सकती हैं। इससे पहले भी वह शिमला आती रही हैं। शिमला के नजदीक छराबड़ा में प्रियंका का अपना घर है। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान भी वह काफी समय तक छराबड़ा में रुकी थीं।

311 ऐप के क्रियान्वन को नगर आयुक्त ने लगाई स्पेशल टीम, वरिष्ठ अधिकारियों के हाथों में दी कमान

समस्याओं के समाधान में समय सीमा का ध्यान रखने के निर्देश

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 311 ऐप जो कि शहर की समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही के लिए बनाया गया है उस पर लगातार नगर निगम गहनता से कार्य कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में ऐप पर आने वाली समस्याओं का अविलंब समाधान भी हो रहा है, सभी विभागीय अधिकारी भी कार्यों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं, शत प्रतिशत समाधान के लिए विभागीय टीम को पुन : प्रशिक्षण भी दिया गया है तथा कार्रवाई में विलंब ना हो इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम के सभी अधिकारी प्रयासरत हैं। आईसीसीसी सेंटर में अनुभवी ऑफिसर्स की ड्यूटी भी लगाई गई है तथा टीम को सही प्रकार से कार्य करने के कड़े निर्देश भी जारी हुए हैं। 311 ऐप के कुशल क्रियान्वयन को अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। जन समस्याओं के समाधान पर प्राथमिकता पर कार्यवाही हो इसके लिए अपर नगर आयुक्त द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर अभियान के रूप में कार्य शुरू किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन प्राप्त होने वाली समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही कराई जा रही है। शहर वासियों से भी ऐप का सही इस्तेमाल करने के लिए अपील की जा रही है। साथ ही शहर वासियों को एप संबंधित किसी भी परेशानी के लिये गाजियाबाद नगर निगम की आईटी डिपार्टमेंट में संपर्क करने के लिए भी कहा जा रहा है। प्रॉपर्टी म्यूटेशन से लेकर डॉग रजिस्ट्रेशन, हाउस टैक्स बिल जमा करना, सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करना, लाइटों की समस्या का समाधान करना व 66 प्रकार की सेवाओं के समाधान पर अविलंब कार्यवाही के लिए 311 ऐप के माध्यम से समाधान कराया जा रहा है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली ।। गुरूवार 21 मार्च -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

क्राइम ब्रांच ने एक करोड़ की अफीम के साथ तीन तस्कर दबोचे

गाजियाबाद, करंट क्राइम । आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां तमाम तरह की तैयारी शुरू हो गई हैं। वहीं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह भी एक्टिव नजर आ रहे हैं। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच और एंटी नारकोटिक्स फोर्स की टीम ने गाजियाबाद से ही बीते कुछ दिनों के दौरान करोड़ों रुपए के मादक पदार्थ को जब्त करने के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया है। इसी कड़ी में बुधवार को एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद और क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी की टीम ने गाजियाबाद से लगभग पौने चार किलो अफीम के साथ तीन अंतरराजीय तस्कर दबोचे हैं। अफीम की कीमत 1 करोड़ रुपए से अधिक की बताई जा रही है। गाजियाबाद पुलिस की बीते दिनों की कार्रवाई बता रही है कि आगामी त्यौहारी सीजन जिसमें होली का त्यौहार भी शामिल है और चुनाव के मद्देनजर दिल्ली-एनसीआर में मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ गई है।

झारखंड का गैंग सप्लाई कर रहा था अफीम

करंट क्राइम। क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के अनुसार निर्मल कुमार डांगी, रामचंद्र और संजय तीनों झारखंड के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से लगभग तीन किलो 700 ग्राम अफीम बरामद की है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ रुपए से अधिक की है। अधिकारियों ने बताया है कि यह लोग पहले झारखंड में मजदूरी किया करते थे लेकिन दिल्ली-एनसीआर में जब से यह अफीम की सप्लाई करने लगे इनको मोटा कमीशन मिलता था और यह मादक पदार्थों की तस्करी ऑन डिमांड कर रहे थे। पुलिस उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

त्यौहारी और चुनावी सीजन में बढ़ गई है मादक पदार्थों की तस्करी

एंटी नॉरकोटिक्स टीम ने पकड़ा था पौने दो करोड़ का गांजा

करंट क्राइम। 11 मार्च को उत्तर प्रदेश की एंटी नॉरकोटिक्स टीम ने मसूरी थानाक्षेत्र से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से एक दो मंजिला मकान में लगभग पौने दो करोड़ रुपए कीमत का कई कुंटल गांजा बरामद हुआ था। पुलिस की मानें तो यह गंजा यहां पहले स्टॉक किया जाता था और फिर इसके छोटे-छोटे स्टॉक बनाकर आसपास के इलाकों में सप्लाई करने का काम होता था। इस मामले को एंटी नारकोटिक्स उत्तर प्रदेश की टीम ने खोला था।

लाखों की शराब भी की जा चुकी है जब्त

करंट क्राइम। होली का त्यौहार है और होली के त्यौहार के बाद चुनावी सीजन पूरे एक्शन मोड में होगा। अक्सर होली और चुनावी सीजन में शराब की तस्करी बढ़ जाती है। ऐसे में शराब की तस्करी बढ़ाने के चलते बीते दिनों क्राइम ब्रांच गाजियाबाद की टीम ने 501 बीयर और शराब की अलग-अलग ब्रांड की पेटियां बरामद की थी। जिसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए के आसपास बताई गई थी। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने दावा किया था कि यह शराब होली और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लेकर जाई जा रही थी। जिसे गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच की टीम ने ट्रैक करते हुए जब्त किया था।

आगामी त्यौहारी सीजन और लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्राइम ब्रांच और स्वॉट की टीमों को अलर्ट कर दिया गया है। साथ ही प्रमुख हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर लोकल पुलिस के साथ चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह पर नकेल कसी जा सके। सच्चिदानंद, एडीसीपी क्राइम पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

एसडीएम लोनी ने मतदान बढ़ाने के लिए शुरू किया अभियान

स्कूली छात्रों को बांटे स्लोगन, सफाई कर्मचारियों और महिलाओं से 26 अप्रैल को मतदान करने का दिलवाया संकल्प

गाजियाबाद, करंट क्राइम । आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन की ओर से अभी से कार्यक्रम और अभियान आयोजित कर दिया गया है। इसी के साथ स्वीप की टीम भी अलग-अलग आयोजन और अभियान चला रही है। बुधवार को एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती ने कंपोजिट स्कूल गढ़ी कटैया लोनी में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल में एक गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें सभी छात्रों को उनके माता-पिता को नामित करते हुए लिफाफे दिए गए, प्रत्येक लिफाफे में एक पोस्ट शामिल था, जिसमें उनसे देश के एक जिम्मेदार नागरिक होने के रूप में मतदान करने का आग्रह किया गया। इसी के साथ सफाई कर्मचारियों और शिक्षकों ने भी अपनी-अपनी ओर से अपील की है कि 26 अप्रैल को हर हाल में मतदान करें और अपने भारतीय नागरिक होने का कर्तव्य भी पूरा करें।

बड़े चुनाव में बच्चों की भी रहेगी भागीदारी

करंट क्राइम। एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती ने कहा है कि देश के सबसे बड़े चुनाव और लोकतंत्र के महापर्व में बच्चे एक ऐसे प्रहरी बन सकते हैं जो बड़ों को शत प्रतिशत मतदान कराने का पाठ पढ़ा सकते हैं। उनके द्वारा प्राथमिक स्कूलों और अलग-अलग सोसाइटी में इस तरीके के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि लोनी विधानसभा क्षेत्र में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सके।

सोशल मीडिया पर भी लोगों से की जा रही है अपील

करंट क्राइम। गाजियाबाद प्रशासन द्वारा स्वीप अभियान के तहत सोशल मीडिया के माध्यम से भी गाजियाबाद के अलग-अलग सोशल मीडिया अकाउंट जैसे ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वीडियो और फोटो अपलोड कराया जा रहे हैं। जिसमें मतदाताओं से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की अपील की जा रही है।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को मिले 09 नए वाहन

पांच वाहनों पर सवार होंगे एसीपी और चार होंगे फ्लीट का हिस्सा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने और पुलिस को बेहतर वाहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को नए वाहन प्रदान किए गए हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि इसमें से पांच वाहन एसीपी स्तर के अलग-अलग अधिकारियों को दिए जाने हैं। तो वही चार वाहन चुनावी और वीआईपी प्रोटोकॉल की फ्लीट में भी भेजी जाएगी। सूत्रों ने बताया है कि बीते दिनों गाजियाबाद पुलिस ने लखनऊ मुख्यालय से वाहनों की कमी का ब्यौरा भेजते हुए वाहनों की मांग की थी, जिसके तहत बीते दिनों यह वाहन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को सौंप दिए गए थे।

देहात जोन पर जाएंगे ज्यादा वाहन

करंट क्राइम। सूत्रों से जानकारी मिली है कि एसीपी लोनी, एसीपी मोदीनगर, एसीपी वेव सिटी और अंकुर विहार को नए वाहन दिए जा सकते हैं। इसी के साथ एक वाहन आईपीएस अधिकारी की फ्लीट में भी भेजा जा सकता है। इसी के साथ ही चार अन्य वाहनों को वीआईपी प्रोटोकॉल और फ्लीट के वाहनों में शामिल किए जाने की जानकारी मिल रही है। सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि कई एसीपी अपने पुराने वाहन को नहीं छोड़ना चाहते हैं, जिसके लिए आने वाले दिनों में एक लैटर भी जारी किया जा सकता है।

पुलिस आधुनिकरण स्कीम के तहत मिले हैं वाहन

करंट क्राइम। पुलिस आधुनिकरण स्कीम के तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कुल 9 नए वाहन भेजे गए हैं। जिसमें टीयूवी और बुलेरो न्यू स्टाइल को शामिल किया गया है। आने वाले दिनों में कुछ अधिकारियों के पास यह नए वाहन नजर आएंगे जो बेहतर पुलिसिंग के लिए भी मददगार साबित हो सकते हैं।

हिमांशु लव की नई पहल से बनी है सम्मान की एक नई परिपाटी

होली मिलन समारोह में सफाईकर्मियों को कराया अहसास, वो हैं सबसे खास

गाजियाबाद, करंट क्राइम। कुछ लोग अपनी सियासत वाली पारी में हमेशा एक जिम्मेदारी से काम करते हैं। वो सामने वाले का एहतराम करते हैं और सम्मान करते हैं। ऐसे नामों में एक नाम पूर्व पार्षद हिमांशु लव का है। हिमांशु लव वार्ड 39 के पार्षद रहे हैं और उन्होंने पार्षद वाली पारी में ही सम्मान की यह नई परिपाटी शुरू की थी। वो पार्षद रहते हुए हर साल अपने वार्ड के पांच सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते रहे हैं। बड़ी बात यह है कि अब जब हिमांशु लव पूर्व पार्षद हो चुके हैं, तब भी वो अभूतपूर्व ढंग से सम्मान की इस परिपाटी को जिंदा रख रहे हैं। बुधवार को हिमांशु लव ने अपने वार्ड में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस होली मिलन समारोह की सबसे खास बात यह थी कि इस होली मिलन में बधाई, शुभकामनाएं, कवि सम्मेलन के साथ-साथ सम्मान का एक नया अहसास था। हिमांशु लव ने अपने पिता के नाम पर उनकी स्मृति में एक ट्रस्ट की स्थापना की है और इसी ट्रस्ट के बैनर तले उन्होंने बुधवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया। इस होली मिलन समारोह में उन्होंने अपने क्षेत्र के पांच सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। ये सम्मान इस बात का प्रतीक है कि हिमांशु लव ये बता रहे हैं कि स्वच्छता की सबसे बड़ी धुरी सफाई कर्मचारी होते हैं। अगर सफाई कर्मचारी ही जिम्मेदारी से काम नहीं करेंगे तो पूरा सिस्टम गड़बड़ा जाएगा। वो सही मायनों में प्रथम स्वच्छता योद्धा होते हैं। सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने से उनका मनोबल भी बढ़ेगा और हम सम्मान की एक नई परंपरा की शुरुआत करेंगे। बड़ी बात यह भी है कि हिमांशु लव ने यह परंपरा तब शुरू की थी जब वो पार्षद थे और आज जब वो पार्षद नहीं हैं, वो तब भी सफाई कर्मचारियों के सम्मान की परंपरा को जिंदा रख रहे हैं। एक अलग सोच के साथ समाज को हिमांशु लव ने एक नई दिशा दी है।

उदित मोहन ने नहीं किया सहयोग लेकिन नीरज गोयल और शिवम शर्मा ने कहा, बहुत अच्छी पहल

करंट क्राइम। हिमांशु लव वार्ड 39 से सिटिंग पार्षद थे और उनका टिकट काटकर उदित मोहन गर्ग को दिया गया था। उदित मोहन भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत भी गए लेकिन वार्ड के विकास और कई अन्य चीजों को लेकर अक्सर उदित मोहन पर अनदेखी के आरोप लगते हैं। बुधवार को जब होली मिलन समारोह में सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया तो यहां पर मंच से यह बात सामने आई कि भाजपा पार्षद उदित मोहन ने सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने में न कोई रुचि दिखाई और न ही सहयोग किया। यहां पर मौजूद भाजपा पार्षद नीरज गोयल और भाजपा पार्षद शिवम शर्मा ने सफाईकर्मियों को सम्मानित करने की परंपरा का स्वागत किया। दोनों पार्षदों ने इस परंपरा का स्वागत किया और कहा कि ऐसे स्वागत कार्यक्रम हर वार्ड में होने चाहिए, जिससे अन्य वार्डों में भी संदेश जाए।

क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल न जाने क्या चल रहा है दो दोस्तों के बीच में क्लेश? रेडफेस मैन के साथ नजर नहीं आ रहा है गागर में सागर भरने वाले नागर जी का फेस? हम देख रहे हैं अधिकतर कार्यक्रमों में यादव जी का अकेले ही हो रहा है आना-जाना? अगर इन दूरियों के बारे में पता चले तो थोड़ा हमको भी बताना?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? जहां रेडफेस मैन से दिख रही है नागर जी की दूरियां? कुछ ऐसे ही दिख रहे हैं मिस्टर चोपड़ा के भी अहसास? इनके भी नहीं हो रहे हैं मिस्टर नागर के साथ बहुत दिनों से दर्शन? अब तो हम दैनिक करंट क्राइम के 23 मार्च को आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह का इंतजार कर रहे हैं? देखना अब यह है कि नागर जी रेडफेस मैन और मिस्टर चोपड़ा को साथ लेकर आपके इस सवाल के खिलाफ करेंगे कोई क्या शक्ति प्रदर्शन?

क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं सोशल मीडिया पर रोज टटोलता हूं साहब के पक्ष में पोस्ट? मैं गौर से देखता हूं तो यहां पर मुझे एक चेहरा नजर आता है उनके पक्ष में मजबूत वाला होस्ट? नाइसमैन के खास मिस्टर वर्मा रोज सोशल मीडिया पर साहब के पक्ष में झंडा उठाते हैं साहब? यूं तो हमने साहब के एक-से-एक समर्थक देखे हैं, मगर ऐसा समर्थक हमने अभी तक नहीं देखा है जनाब?

क्यों कहा कहने वाले ने कि आप देख रहे होंगे कि जब से साहब के टिकट का मामला हुआ है होल्ड? तब से केड़े वाले त्यागी जी के भी कम से हो रहे हैं दीदार? ऐसा हम नहीं कह रहे इस तरह की चर्चाएं भगवा कार्यालय पर सुनाई दे रही थीं बेशुमार? फिर इन चर्चाओं में केड़े वाले त्यागी जी के समर्थक ने की अपनी बात शेयर? कहा त्यागी जी साहब के समर्थन में दूर किसी प्रदेश के बड़े वाले मंदिर में लगा कर आ गए हैं अरदास? यही वजह है कि वो कुछ दिनों से दिखाई नहीं दे रहे थे उनके साथ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हम कहीं भी जाते हैं एक चर्चा हमारे तक घूम-फिरकर आती है? भगवा गढ़ के ओजस्वी वैश्य नेता की कॉल पार्टी के अधिकतर नेताओं तक पहुंच जाती है? अपनी कॉलिंग में वो टटोलते हैं सभी चेहरों से लोकसभा वाले टिकट के हालात? फिर सारी बातों का वो निचोड़ निकालकर कोई कॉन्क्लूजन तैयार करते हैं साहब? फिर अगले दिन भी चलता है कुछ इसी तरह का तराना? पता ही नहीं चल रहा है कि उनका दिल चाहता है किसको चुनाव लड़वाना?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जिनके माथे पर चमकता है सबसे मोटा टीका? सुना है वो अपनी बातों का मामला नहीं होने दे रहे हैं फीका? वो करते हैं इसी बात की चर्चा? भले ही मेरे पास भगवा गढ़ का कोई बड़ा पद न हो? मगर सरकारी वाले मामले में मजबूत किया हुआ है मेरा दर्जा? हमारे जलवे की कहानी कई दिलजलों को खलती है? हम अपनी जेब को रखते हैं मजबूत? इसी से हमारी राजनीति चलती है?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा संगठन के गौतम जी हैं बहुत ही सुशील? उनकी बातें चुभ रही हैं किसी के सीने पर बनकर कील? सुना है संगठन के चौधरी आजकल पार्टी के आयामों पर बिलकुल भी नहीं दे रहे हैं ध्यान? हमने एक आयोजन में गौतम जी के ताने वाले तीर को चौधरी की ओर जाते हुए देखा, करते हुए उनका काम-तमाम?

क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल चर्चाओं में बहुत रहते हैं मित्तल जी के प्रिय ओबीसी वाले भाटी? सुना है भगवा कमांडर के नजदीक रह-रहकर मजबूत हो रही है उनकी राजनीति वाली लाठी? सुना है वो दे रहे हैं अपने खास लोगों में संदेश? कह रहे हैं इस बार ओबीसी वाले अध्यक्ष के रूप में फाइनल हो सकता है हमारा भी फेस? खूब घूम रहा है भगवा गढ़ में उनका ये संदेश?

क्यों कहा कहने वाले ने कि वकील साहब के होली मिलन वाले कार्यक्रम को लेकर उन्हीं की बिरादरी के दो ब्रदर्स के दिल में सुनाई दे रही थी कुछ दिलजली वाली गुंजन? इस आयोजन को लेकर कुछ और ही घिस रहे थे मंजन? अपने खास लोगों से वो कर रहे थे बात? कह रहे थे इस आयोजन में बच्चों की भीड़ दिखाई दे रही थी ठीक-ठाक? हम नहीं समझ पा रहे थे इन दोनों भाइयों के शब्दों का फसाना? ये कह चुके जो कहना था? समझने वालों समझ जाना?

क्यों कहा कहने वाले ने कि ये बात हमें नहीं आ रही है समझ? क्या कुछ चेहरों से कम कर लिया है हिमांशु जी ने लव? हमने देखा इस बार वो चेहरे नजर नहीं आ रहे थे? जिनको दी थी उन्होंने पिछली बार तवज्जो खास? हो सकता है ये हमारे दिमाग की गलतफहमी हो या फिर कइयों की गलतफहमी दूर कर रहे थे भाई साहब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

संपादकीय

क्या यही है धार्मिक आजादी का मौलिक अधिकार!

देश के आज आमूमन अधिकांश शिक्षण संस्थानों में शिक्षा कम बल्कि उनमादी सोच विकसित हो रही है छात्रों के बीच सामंजस्य नहीं रह गया है वैमनस्यता बढती जा रही है। दुनिया एक कुटुम्ब की तरह, आपस में अंतरंग रूप से, जुड़ रही है, लिहाजा यह उच्च शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों की बुनियादी जिम्मेदारी बन जाती है कि वे अधिक शांतिपूर्ण, सहिष्णु, समावेशी, सुरक्षित और स्थिर समाज के कारक और प्रोत्साहक बनें। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) का सिद्धांत और ब्रह्मवाक्य भी है। बीते शनिवार को गुजरात यूनिवर्सिटी के अहमदाबाद परिसर में एक भीड़ ने 5 विदेशी छात्रों पर तब हमला किया, जब वे रमजान के पाक महीने में नमाज पढ़ रहे थे। ऐसे हमले हमारी शिक्षा नीति के सिद्धांत, उसकी प्रतिबद्धता और आश्वासन को खंडित करते हैं। वीडियो में करीब 25 युवा छात्र विदेशी छात्रों पर हमले करते दिख रहे थे। श्रीलंका, अफगानिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के 1-1 घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यकीनन यह आपराधिक घटना थी और विश्वविद्यालय के परिसर में कानून-व्यवस्था का सरासर उल्लंघन किया गया। फिर भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने कानून को हाथ में लेकर लीपापोती की कोशिश की।हालांकि दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने सिर्फ यह बयान दिया कि वह गुजरात सरकार के संपर्क में है वह और कर भी क्या सकता था? दूसरी आश्चर्यजनक प्रतिक्रिया यह सामने आई कि हिंसक हमले के पीड़ितों को ही दोषी करार देने की कोशिश की गई। मुद्दा यह है कि ऐसा हमला विदेश में भारतीय छात्रों के साथ भी हो सकता था। ऐसी घटनाएं होती भी रही हैं। तब हम कैसा महसूस करते हैं? हम तसल्ली देते रहे हैं कि ऐसी घटनाएं परंपरा और सिलसिलेवार नहीं हैं। ये अपवाद के तौर पर होती हैं। बेशक ये कानून का कठोर उल्लंघन हैं। ऐसी ही तसल्ली हमें विदेशी छात्रों को देनी चाहिए। हालांकि हमले के तुरंत बाद कुलपति नीरजा गुप्ता ने विदेशी छात्रों को आश्वस्त किया कि वह उन्हें एक अलग होस्टल में शिफ्ट कर देंगी। विदेशी छात्रों की सुरक्षा के लिए यह बेहद जरूरी है। यह भी कोई सौहार्द का कदम नहीं है। छात्रों को आपस में घुल-मिल कर रहना और पढ़ना सीखना चाहिए, लेकिन कुलपति ने यह आत्ममंथन नहीं किया कि विदेशी छात्रों पर हमले क्यों और कैसे किए गए? विदेशी छात्र कोई भी हों, उन्हें सांस्कृतिक तौर पर संवेदनशील होना ही चाहिए। इस घटना ने साबित कर दिया है कि हमें अब भी सांस्कृतिक अनुकूलन की जरूरत है। क्या यह दायित्व विदेशी छात्रों का है? हमारे संविधान में धार्मिक आजादी का मौलिक अधिकार बहुत महत्वपूर्ण है, लिहाजा नमाज पढ़ने वालों की स्वतंत्रता और गरिमा का भी सम्मान किया जाना चाहिए था। सवाल तो यह भी है कि विश्वविद्यालय परिसर में भीड़ कहां से आई, हथियार कहां से आए? यदि भीड़ वाले भी वहीं के छात्र थे, तो उन पर क्या कार्रवाई की गई? भीड़ घटनास्थल से आराम से चली कैसे गई? भारत के बहुत कम विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ आंके गए हैं। कमोबेश गुजरात यूनिवर्सिटी उनमें से एक नहीं है। सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय वही हो सकते हैं, जो विचारों की स्वतंत्रता और बहस की आजादी पर आधारित शिक्षा परोसने की बात करते हैं और उन कसौटियों पर खरे भी उतरते हैं। भीड़ और उसकी हिंसा विचारों की अभिव्यक्ति और उसके विस्तार में विश्वविद्यालय के विचार को ही खत्म कर देती है। यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सार्थक साबित करना है, तो हमें अपने व्यवहार, मुक्ति, जिम्मेदारी, बहुवाद, समानता और न्याय के भावों को सुनिश्चित करना होगा। करीब 50,000 विदेशी छात्र भारत में पढ़ रहे हैं।

चालू वित्त वर्ष में 450 अरब डॉलर पहुंच सकता है निर्यात

फियो का दावा-2030 तक एमएसएमई की होगी बड़ी भूमिका

नई दिल्ली। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अनुसार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले कर्ज की जरूरत है। ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों के बाद निर्यात को मदद मिलेगी। लाल सागर जैसी चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष तक वस्तुओं का निर्यात 450 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यातकों के संगठन फियो के मुताबिक, लाल सागर संकट से पैदा हुई चुनौतियों का समाधान समुद्री बीमा और माल ढुलाई शुल्क में तर्कसंगत वृद्धि करके किया जा सकता है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अनुसार निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले कर्ज की जरूरत है। ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों के बाद निर्यात को मदद मिलेगी। फरवरी में निर्यात 12% बढ़कर 41.40 अरब डॉलर रहा। अप्रैल-फरवरी के दौरान वस्तुओं का निर्यात 395 अरब डॉलर था। एजेंसी

छोटी कंपनियों को सस्ते कर्ज की जरूरत : फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने मंगलवार को कहा, मैं सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले एमएसएमई के मुद्दों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करूंगा। ये इकाइयां 2030 तक 1,000 अरब डॉलर के वस्तु निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

ये अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्हें कर्ज से संबंधित कुछ मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है। मैं बैंकों से गुजारिश करूंगा कि वे इन इकाइयों को समर्थन देने के लिए सस्ती दर पर कर्ज दें।

रिलायंस पावर और उसकी पैतृक कंपनी बकायों का निपटान करने में जुटी

नई दिल्ली। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और जेसी फ्लावर एआरसी ने पिछले सात जनवरी को ऋणों को यथास्थिति में रखने से संबंधित एक समझौता किया था। स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार यह समझौता आज यानी 20 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए मान्य था। अनिल अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस पावर ने पिछले सप्ताह तीन बैंकों आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और डीबीएस बैंक पर बकाया कर्ज का निपटान किया। इसकी मूल कंपनी रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर जेसी फ्लावर्स एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी के 2,100 करोड़ रुपये के बकाये का निपटान करने की दिशा में काम कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले ने इसकी जानकारी री है। एक कमर्शियल बैंक के सीनियर एग्जीक्यूटिव के अनुसाररिलायंस पावर का लक्ष्य इस वित्त वर्ष के अंत तक कर्ज मुक्त कंपनी बनने का है। इसके बहीखाते में एकमात्र कर्ज आईडीबीआई बैंक से कार्यशील पूंजी ऋण होगा। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और जेसी फ्लावर एआरसी ने पिछले सात जनवरी को ऋणों को यथास्थिति में रखने से संबंधित एक समझौता किया था। स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार यह समझौता आज यानी 20 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए मान्य था। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रवक्ता के अनुसार अब इसकी अवधि 31 मार्च 2024 तक बढ़ा दी गई है। इस समझौते के अनुसार जेसी फ्लावर एआरसी 31 मार्च तक रिलायंस के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेगी और कंपनी को पैसों का इंतजाम करने का समय देगी। शेयर बाजार को भेजी गई एक जानकारी के अनुसार रिलायंस पावर ने 13 मार्च को वीएफएसआई होल्डिंग्स से इक्विटी के बदले 240 करोड़ रुपये हासिल किए हैं।

भारत में सौर कचरे को लेकर सामने आई चिंताजनक रिपोर्ट

2030 तक इतने गुना होगी बढ़ोतरी

नई दिल्ली। एक तरफ भारत में सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है तो दूसरी तरफ सौर अपशिष्ट को लेकर चिंताजनक बातें सामने आई है। एक अध्ययन में कहा गया है कि 2030 तक भारत का सौर कचरा 600 किलोटन तक पहुंच जाएगा।

इतने सौर कचरे से ओलंपिक आकार के 720 स्वीमिंग पूल भरे जा सकते हैं। यह अध्ययन नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और काउंसिल ऑन एनर्जी एनवायर्नमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) द्वारा किया गया है। इसमें कहा गया है कि राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों से सबसे ज्यादा सौर अपशिष्ट आएगा। यह भारत के कुल सौर कचरे का लगभग 67 प्रतिशत होगा। अध्ययन में सामने आई चिंताजनक बातें इस अध्ययन से पता चलता है कि भारत को सौर कचरे से निपटने के लिए व्यापक नियमों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में इस समय 66.7 गीगावॉट क्षमता वाले सौर ऊर्जा पैनल इस्तेमाल हो रहे हैं। इनसे पहले ही 100 किलोटन सौर अपशिष्ट उत्पन्न हो चुका है। 2030 तक यह मात्रा बढ़कर 340 किलोटन हो जाएगी।

चिंता का विषय यह है कि इस सौर अपशिष्ट में सिलिकॉन, चांदी, कैडमियम और टेल्यूरियम जैसे हानिकारक खनिज होते हैं, जो कि पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं। इसलिए इनको रीसाइकिल करने की अत्यधिक आवश्यकता है।

बजाज फाइनेंस फिक्स्ड डिपॉजिट: सुरक्षित, सुविधाजनक और ज्यादा रिटर्न वाले निवेश का एक स्मार्ट तरीका

नई दिल्ली। फिक्स्ड डिपॉजिट निवेश का एक तरीका है जिसमें आप किसी वित्तीय संस्थान में एक निश्चित समय के लिए रकम डिपॉजिट करते हैं। इसके बदले में आपको ब्याज दर से होने वाली आमदनी की गारंटी मिलती है जो निवेश की पूरी समय-सीमा के दौरान स्थिर बनी रहती है। निवेश की समय-सीमा पूरी होने पर आपको डिपॉजिट की गई रकम के साथ-साथ उस पर एकत्रित ब्याज भी मिलता है।

नई दिल्ली। आज के समय में आर्थिक परिस्थिति कब बदल जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। लिहाजा अपनी जमा-पूंजी को बढ़ाने के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके ढूंढना बेहद जरूरी है। फिक्स्ड डिपॉजिट भी ऐसा ही एक साधन है, जो अपने निवेश में स्थिरता के साथ-साथ उसे बढ़ाने की चाहत रखने वाले लोगों के लिए हर कसौटी पर खरा उतरता है। इनमें से बजाज फाइनैंस फिक्स्ड डिपॉजिट सबसे अलग है, जिसने सहूलियत, सुरक्षा और बेहतरीन रिटर्न के शानदार तालमेल के लिए अपनी पहचान बनाई है।

फिक्स्ड डिपॉजिट क्या है?

फिक्स्ड डिपॉजिट निवेश का एक तरीका है, जिसमें आप किसी वित्तीय संस्थान में एक निश्चित समय के लिए रकम डिपॉजिट करते हैं। इसके बदले में आपको ब्याज दर से होने वाली आमदनी की गारंटी मिलती है, जो निवेश की पूरी समय-सीमा के दौरान स्थिर बनी रहती है। निवेश की समय-सीमा पूरी होने पर, आपको डिपॉजिट की गई रकम के साथ-साथ उस पर एकत्रित ब्याज भी मिलता है। पेश है बजाज फाइनैंस डिजिटल बजाज फाइनैंस ने हाल ही में 'डिजिटल के नाम से एक नए तरह के की शुरूआत की है, जिसके लिए 42 महीने की समय-सीमा तय की गई है। इस के कुछ अनोखे फायदे इस प्रकार हैं: पूरी तरह से ऑनलाइन प्रक्रिया: ऋ्रखोलने से लेकर उसके प्रबंधन तक की पूरी प्रक्रिया, बजाज फिनसर्व वेबसाइट या ऐप के जरिये डिजिटल तरीके से की जा सकती है। बेहतर ब्याज दरें: डिजिटल ऋ्रसालाना 8.85% तक की अधिकतम ब्याज दरों में से एक का फायदा देता है। बजाज फाइनैंस फिक्स्ड डिपॉजिट क्यों चुनें?

एजेंसियों से अव्वल दर्जे की अअअ रेटिंग प्राप्त है। इसका मतलब यह है कि आपका निवेश पूरी तरह सुरक्षित है। आकर्षक रिटर्न: बजाज फाइनैंस की बेहतर ब्याज दरों के साथ ज्यादा रिटर्न कमाएँ। बजाज फाइनैंस वरिष्ठ नागरिकों के लिए सालाना 8.85% तक और 60 साल से कम उम्र के ग्राहकों के लिए सालाना 8.60% तक की ब्याज दर प्रदान करता है। यह सामान्य तौर पर सेविंग्स अकाउंट से आपको मिलने वाली रकम से कहीं ज्यादा होता है।

सहूलियत: बजाज फाइनैंस आपको अपनी सहूलियत के अनुसार 12 से 60 महीने तक की समय-सीमा के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट का विकल्प देता है। चाहे आप कम समय में मुनाफा कमाने के बारे में सोच रहे हों, या फिर लंबे समय के आर्थिक लक्ष्यों की योजना बना रहे हों।

राशिफल

मेष: आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

वृष: जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

मिथुन: शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

कर्क: पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

सिंह: व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

कन्या: प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

तुला: कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक: किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

धनु: आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

मकर: लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

कुंभ: किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

मीन: वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

चुटकुले

कर्मचारी (अपने बॉस से) - सर, मैं नाइट शिफ्ट नहीं कर पाऊंगा।
बॉस- क्यों?
कर्मचारी- आपकी नौकरी से घर का गुजारा नहीं चलता, रात को रिक्शा भी चलाता हूं।
बॉस (भावुक होकर) - कभी भूख लगे तो मेरे पास आ जाना, मैं भी रात को पावभाजी का ठेला लगाता हूं।

पापा- तेरा रिजल्ट आ गया, पास हुआ या फेल?
चिंटू- प्रिंसिपल का बेटा फेल हो गया।
पापा- तुम?
चिंटू- मेजर साहब का बेटा भी फेल हो गया।
पापा- और तुम?
चिंटू- डॉक्टर साहब का बेटा भी फेल हो गया।
पापा गुस्से से- बेवकूफ, मैं तुमसे पूछ रहा हूं तुम्हारे रिजल्ट का क्या हुआ?
चिंटू -तो आप कौन से प्रधानमंत्री हो जो आपका बेटा पास हो जाएगा।
दे चप्पल, दे चप्पल, दे चप्पल!

रोचक तथ्यों का करंट

- माउंट एवरेस्ट पर इसके बारे में 200 मृत शरीर हैं, जो अब शीर्ष के रास्ते पर मौजूद हैं।
- माउंट एवरेस्ट न केवल पर्वतारोहियों की लाशों से बनी है, लेकिन अनुमानित 50 टन कचरा, यह दुनिया का सबसे गन्दा पर्वत बना रहा है।
- ऐतिहासिक रूप से, हर 100 पर्वतारोहियों के लिए जिन्होंने इसे माउंट एवरेस्ट के शिखर तक अपनी पहुँच बनायीं है, 4 की मृत्यु हो गई है।
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ते हुए 65,000 अमेरिकी डॉलर का खर्च आता है।
- माउंट एवरेस्ट के शीर्ष पर पानी का उबलते बिंदु 71 डिग्री सेल्सियस है। माउंट एवरेस्ट प्रत्येक वर्ष 4 मिमी बढ़ता है।
- माउंट एवरेस्ट तक मार्ग पर उच्च गति वाला इंटरनेट है।
- नेपाल में 2015 भूकंप के कारण माउंट एवरेस्ट ने एक इंच (2.5 सेमी) सिकुड़ गया है।
- माउंट एवरेस्ट को 'ईव-रेस्ट' कहा जाता है, 'एवर-एस्ट' नहीं, जैसा कि इसका नाम जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

विराट कोहली ने आरसीबी फैंस से की खास अपील, इस नाम से नहीं बुलाने की दी हिदायत

बैंगलोर। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली मैदान पर वापसी के लिए तैयार हैं। मंगलवार रात रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के अनबॉक्स इवेंट के दौरान फैंस ने अपने पूर्व कप्तान का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह कार्यक्रम बैंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आजोयित किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में फैंस ने हिस्सा लिया। कोहली 2008 में आईपीएल के पहले सीजन से ही आरसीबी से जुड़े रहे हैं और फैंस के बीच उनका बहुत क्रेज है। कोहली के फैंस उन्हें किंग कोहली के नाम से पुकारते हैं, लेकिन इस स्टार बल्लेबाज को यह नाम अजीब लगता है। कोहली ने आरसीबी अनबॉक्स इवेंट के दौरान अपने प्रशंसकों से खास अपील की। उन्होंने इवेंट के होस्ट दानिश सैत और फैंस से कहा कि उन्हें किंग कहकर नहीं पुकारें क्योंकि कोहली को यह काफी अजीब लगता है। दुनिया के दिग्गज बल्लेबाजों में शामिल कोहली के नाम कई अनोखे रिकॉर्ड दर्ज हैं। कोहली ने इवेंट के दौरान कहा, हमें चेन्नई जाना है और हमारी चार्टर फ्लाइट है। इसलिए हम ज्यादा समय नहीं दे सकते। पहले तो आप लोग मुझे किंग बुलाना बंद करें और सिर्फ विराट कहकर ही संबोधित करें। किंग शब्द से मुझे नहीं बुलाएं। मैं अभी फाफ डुप्लेसिस से कह रहा था कि हर साल मुझे अजीब लगता है कि जब आप मुझे इस शब्द से बुलाते हैं। इसलिए मुझे सिर्फ विराट ही बुलाएं। प्लीज अब से कोई इस शब्द का प्रयोग नहीं करेगा। उम्मीद है आरसीबी की पुरुष टीम भी खिताब जीतेगी कोहली ने 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल 2024 में महिला आरसीबी टीम की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में जीत का अनुकरण करने और पुरुष टीम के भी खिताब जीतने की उम्मीद जताई। स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली आरसीबी ने रविवार को खेले गए डबल्यूपीएल के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर खिताब जीता था। महिला आरसीबी टीम ने डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन में ट्रॉफी जीत ली, जबकि इसके उलट पुरुष टीम आईपीएल के 16 सीजन में कभी खिताब नहीं जीत सकी है। कोहली ने कहा, जब महिला टीम में डब्ल्यूपीएल जीता तो यह वास्तव में शानदार था। हम उन्हें देख रहे थे। उम्मीद है कि हम भी ऐसा कर सकेंगे जिससे टीम दोहरी सफलता हासिल करेगी। यह वाकई विशेष होगा।

डिविलियर्स के अनुसार कोहली नहीं ये भारतीय खिलाड़ी आईपीएल में बिखेरेगी चमक, नाम जानकर चौंक जाएंगे

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर एबी डिविलियर्स ने उस भारतीय युवा खिलाड़ी का नाम बताया जो उनके अनुसार इस साल आईपीएल में अपनी चमक बिखेर सकता है। आईपीएल के 17वें सीजन की शुरूआत 22 मार्च से हो रही है। इसके पहले मुकाबले में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) से होगा। यह मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। अपने यू-ट्यूब चैनल पर बात करते हुए डिविलियर्स ने भारतीय टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल का नाम लिया जो आईपीएल के इस सीजन में अपनी बल्लेबाजी का लोहा मनवाएगा। डिविलियर्स के अनुसार, यशस्वी आईपीएल के इस सीजन में 500-600 रन बना सकते हैं। यशस्वी आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हैं और उन पर टीम को आक्रमक शुरूआत दिलाने की जिम्मेदारी रहती है। 'यशस्वी को खेलते देखने का इंतजार नहीं कर पा रहा' डिविलियर्स ने कहा, एक खिलाड़ी है जिसे मैं खेलते देखने का इंतजार नहीं कर पा रहा हूं वो है यशस्वी जायसवाल। उन्होंने टेस्ट प्रारूप में साबित किया कि उनकी क्षमता क्या है। अब उनके पास टी20 में अपनी प्रतिभा दिखाने का समय है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से उन्हें जो भरोसा मिला है उसे लेकर वो आईपीएल में उतरेंगे और मुझे उम्मीद है कि वह इस टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करेंगे। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि यशस्वी इस सीजन 500 या 600 से ज्यादा रन बनाएंगे। इंग्लैंड के खिलाफ जमकर चला था यशस्वी का बल्ला यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था जहां उन्होंने दो दोहरे शतक भी जड़े थे। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। पांच मैचों में यशस्वी ने 89.00 के औसत से 712 रन बनाए थे जिसमें दो दोहरे शतक के अलावा तीन अर्धशतक शामिल थे। इस दौरान उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 214 रन रहा था। आईपीएल के पिछले सीजन में भी यशस्वी के बल्ले ने जमकर आग उगला था। उन्होंने 14 मैचों में 48.07 के औसत से 625 रन बनाए थे जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल थे। यशस्वी पिछले सीजन में पांचवें सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। 'स्टब्स पर भी रहेंगी नजरें' डिविलियर्स ने साथ ही कहा कि उनकी नजरें दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स पर भी रहेंगी। स्टब्स बल्लेबाज के साथ ही विकेटकीपर की भूमिका भी निभा सकते हैं। स्टब्स इस सीजन दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे। दिल्ली ने इस खिलाड़ी को आईपीएल नीलामी में 50 लाख रुपये में खरीदा था। स्टब्स ने इस साल दक्षिण अफ्रीका की घरेलू टी20 लीग एसए20 में शानदार प्रदर्शन किया था।

भागीरथ पब्लिक स्कूल में प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी पर कार्यशाला सम्पन्न

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भागीरथ पब्लिक स्कूल के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत नेतृत्व क्षमता संवर्धन हेतु मीना मंच सुगमकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ब्लॉक रजापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालयों से 33 व नगर क्षेत्र से 37 शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से बालिकाओं से सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। मीना मंच के गठन व उसके उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए भी वार्ता की गई। सन्दर्भदाता पूनम शर्मा ने सभी हेल्पलाइन नंबर्स की भी जानकारी साझा की।

सन्दर्भदाता रेनू चौहान ने बताया कि कैसे हम रोल प्ले के माध्यम से छात्रों में अच्छे गुणों का विकास कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन अमिताभ शुक्ला ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं जो अपने सभी कर्तव्यों को निष्ठा से सम्पन्न करते हैं। समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि हमारे शिक्षक, समाज के कमजोर वर्गों के छात्रों को शिक्षा प्रदान करके एक पुण्य का कार्य कर रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने कहा कि हमारे विभाग के कंधों पर एक अच्छे भविष्य का निर्माण करने की जिम्मेदारी है और उसे हमारे शिक्षक बखूबी पूरा कर रहे हैं। जिला समन्वयक कुणाल मुद्गल ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में जेंडर, नोडल मीना, कविता, अंशु व नीतू का सराहनीय योगदान रहा। कार्यशाला का संचालन एस आर जी पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

अलीबाग में मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी हुए एकजुट, टीम बॉन्डिंग के लिए रोहित शर्मा नहीं दिखे

मुंबई। आईपीएल 2024 की शुरूआत से पहले मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने टीम बॉन्डिंग एक्सरसाइज के हिस्से के रूप में कुछ क्वालिटी टाइम बिताया। क्रिकेटर सहयोगी स्टाफ के साथ मंगलवार को अलीबाग पहुंचे, जहां उनके मुंबई लौटने से पहले अगले दो दिन बिताने की उम्मीद है। मुंबई की टीम अपने अभियान की शुरूआत 2022 की चैंपियन टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद में करेगी। हिंदुस्तान टाइम्स द्वारा शेयर किए गए वीडियो में मुंबई के लगभग सभी खिलाड़ी और स्टाफ जहाज के रास्ते अलीबाग पहुंचे, लेकिन इस लिस्ट से एक व्यक्ति गायब दिखा। वह खिलाड़ी हैं टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा। जहाज से उतरते वक्त के वीडियो में रोहित कहीं नहीं दिखे। रोहित टीम के साथ बॉन्डिंग सेशन में नहीं पहुंचे इस वीडियो से यह तो तय है कि वह टीम के साथ यात्रा नहीं कर रहे हैं। वीडियो में जहाज को मुंबई बंदरगाह से प्रतिष्ठित गेटवे ऑफ इंडिया के रास्ते निकलते हुए देखा जा सकता है और इसमें भी हिटमैन मौजूद नहीं दिखे। जसप्रीत बुमराह भी टीम के साथ नहीं दिखे। हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद से वह अब तक टीम से नहीं जुड़े हैं। तिलक वर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस भी इसका हिस्सा नहीं थे। हालांकि, एमआई के वीडियो में दोनों को नेट्स में पसीना बहाते जरूर देखा गया। ये खिलाड़ी टीम बॉन्डिंग सेशन में दिखे वीडियो में कप्तान हार्दिक पांड्या, विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन, ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी मौजूद दिखे। कोच मार्क बाउचर हार्दिक और उनकी टीम के साथ-साथ गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड भी साथ दिखे। खिलाड़ियों ने कुछ देर आराम किया और फिर पेंटबॉल खेलने में जुट गए। रोहित ने मुंबई की जर्सी में शेयर की थी तस्वीर रोहित वानखेड़े स्टेडियम पर दो दिन पहले टीम से जुड़े थे जहां उन्होंने पहली बार बल्लेबाजी अभ्यास किया था। पूर्व कप्तान ने नेट्स में बल्लेबाजी करते हुए उसी की तस्वीरें साझा कीं थीं। हालांकि, इसमें उन्होंने कोई कैप्शन नहीं लिखा था। रोहित जबरदस्त टच में दिखे थे। उन्होंने कुछ मंत्रमुग्ध कर देने वाले ड्राइव और कट के साथ अपना ट्रेडमार्क पुल शॉट लगाए थे। अब तक सूर्यकुमार यादव भी टीम से नहीं जुड़े सूर्यकुमार यादव अभी भी एनसीए से अपनी फिटनेस मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं और वह भी टीम बॉन्डिंग सेशन में साथ नहीं दिखे। पिछले साल दिसंबर में सूर्या भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरे टी20 के दौरान फील्डिंग करते हुए अपने टखने में चोट लगा बैठे थे। तब से वह एक्शन से बाहर हैं। सूर्या को दिसंबर में टखने की लगातार सर्जरी करानी पड़ी और फिर जनवरी में उनकी कमर की सर्जरी हुई जो समय के साथ बढ़ गई थी। हालांकि, उनकी रिकवरी में थोड़ा और समय लग सकता है। अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए, सूर्या ने मंगलवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक 'दिल टूटने' वाली इमोजी पोस्ट की, जिससे सोशल मीडिया पर बवाल हो गया था। फिर भी, सूर्यकुमार के लिए सब खत्म नहीं हुआ है क्योंकि गुरुवार, 22 मार्च को उनका एक मेडिकल टेस्ट होने वाला है। हालांकि वह रविवार को टाइटंस के खिलाफ एमआई के शुरूआती मैच से बाहर हो गए हैं। उम्मीद है कि वह 27 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए समय पर ठीक हो सकते हैं।

पाकिस्तान के इस ऑलराउंडर ने दिए संन्यास से वापसी के संकेत, खेल सकते हैं टी20 विश्व कप

कराची। आईपीएल के 17वें सीजन के बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। इसके लिए सभी टीमों ने तैयारियां शुरू कर दी है। पाकिस्तान क्रिकेट में लंबे समय से सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है और कई पूर्व खिलाड़ी टीम के प्रदर्शन पर सवाल खड़ा कर चुके हैं। इस बीच, टीम के पूर्व ऑलराउंडर इमाद वसीम ने संकेत दिए हैं कि वह टी20 विश्व कप के लिए खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने का फैसला बदल सकते हैं।

नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा था अलविदा

इमाद वसीम ने 2023 वनडे विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम में नहीं चुने पर पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया था। आईसीसी के अनुसार, वसीम ने अब फिर राष्ट्रीय टीम में वापसी करने की इच्छा जताई है। इमाद वसीम ने हाल ही में संपन्न हुए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे उनके टी20 विश्व कप टीम में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि वसीम के संन्यास लेने के बाद पाकिस्तान के मौजूदा टी20 कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने वसीम से बात की थी।

इमाद ने खुले रखे हैं विकल्प

संन्यास से वापसी करने की चल रही चचाओं के बीच इमाद वसीम ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर पाकिस्तान टीम को उनकी जरूरत होगी तो वह अपने फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के लिए खेलते हुए ही मैंने नाम कमाया है और अगर मेरे देश को मेरी जरूरत है तो मैं उपलब्ध रहूंगा। अगर नहीं तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। जब मैंने संन्यास लिया तो शाहीन ने मुझे फोन किया, लेकिन मैंने उस समय उनसे कहा था कि हम पीएसएल के बाद बात करेंगे।

आईपीएल में यॉर्कर पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बुमराह शीर्ष दो से बाहर

मुंबई। आईपीएल का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियंस चेन्नई सुपर किंग्स की टक्कर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से होगी। वैसे तो इस लीग को बल्लेबाजों के अनुकूल माना जाता है और गेंदबाज अपनी खास स्किल से ही विकेट हासिल करने में कामयाब हो पाते हैं। खासकर बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में गेंदबाजों की असली परीक्षा होती है। आईपीएल में ऐसा देखा गया है कि डेथ ओवरों में गेंदबाजों की जमकर धुनाई होती है, लेकिन कुछ ऐसे गेंदबाज भी हैं जिन्हें डेथ ओवरों में गेंदबाजी की महारत हासिल हैं।

इनमें मुंबई इंडियंस के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा से लेकर जसप्रीत बुमराह शामिल हैं। इनके पास एक खास हथियार है, जिसकी वजह से यह डेथ ओवरो में भी विकेट लेने में कामयाब होते हैं। इस हथियार का नाम है यॉर्कर। यॉर्कर से ब्लॉक होल में गेंद फेंककर ये गेंदबाज बैटर को खूब परेशान करते हैं। हम आपको इस खबर में आईपीएल में यॉर्कर गेंदों पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों के बारे में बता रहे हैं।

मलिंगा को यॉर्कर का किंग कहा जाता है। उन्होंने अपनी इस स्किल से मुंबई को न जाने कितने मैच जिताए हैं। उनके नाम इस लीग में कुछ 170 विकेट हैं और वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में छठे स्थान पर हैं। हालांकि, जब बात विकेट यॉर्कर गेंद पर लेने की आती है तो उनसे आगे कोई नहीं है। मलिंगा ने इस गेंद पर कुल 34 विकेट लिए हैं, जो कि इस लिस्ट में मौजूद गेंदबाजों से लगभग तीन गुना ज्यादा है। आईपीएल करियर की बात करें तो मलिंगा का इकोनॉमी रेट भी शानदार था। उन्होंने 7.14 की इकोनॉमी से रन खर्च किए।

लिस्ट में दूसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के मौजूदा गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने यॉर्कर लेंथ की बॉल पर 12-12 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर पिछले कुछ समय से भारतीय टीम से दूर हैं, लेकिन इस लीग में वह अपने अनुभव का फायदा उठाने से नहीं चूकते। पिछले काफी समय से भुवी सनराइजर्स से ही जुड़े रहे हैं और इस टीम को डेथ ओवरों में उन्होंने कई मैच जिताए हैं। डेथ ओवरों में यॉर्कर लेंथ की गेंद उनका मुख्य हथियार रही है। भुवी के नाम इस लीग में कुल 170 विकेट हैं और उनका इकनॉमी रेट 7.39 का है। वहीं, सीएसके के ब्रावो ने भी यॉर्कर लेंथ की गेंद से कुल 12 विकेट झटके हैं। डेथ ओवरों में ब्रावो से बेहतर वेरिएशन शायद ही किसी गेंदबाज का होगा। उन्होंने सीएसके को डेथ ओवर्स में काफी मैच जिताए हैं।

पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह, राजस्थान के मौजूदा तेज गेंदबाज बोल्ट और मुंबई के बुमराह ने अब तक यॉर्कर लेंथ की गेंद से अब तक कुल 10-10 विकेट चटकाए हैं। मलिंगा के संन्यास के बाद मुंबई की पूरी उम्मीदें बुमराह पर टिकी हुई हैं। पिछले साल बुमराह नहीं खेले थे और मुंबई को इसका खमियाजा भुगतना पड़ा था। डेथ ओवरों में मुंबई को खूब रन पड़े थे। इस बार हालांकि, वह वापसी कर रहे हैं और मुंबई को उनसे काफी उम्मीदें हैं। बुमराह ने अब तक आईपीएल में 145 विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 7.39 का रहा है। वहीं, बोल्ट ने अब तक 105 विकेट लिए हैं, जबकि यॉर्कर लेंथ की गेंद पर उनके विकेट की संख्या भी 10 है। आरपी सिंह ने अपने आईपीएल करियर में 90 विकेट चटकाए, लेकिन यॉर्कर पर 10 विकेट लिए।

न्यूज डायरी

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी जेल भेजा

लोनी करंट क्राइम। पुलिस ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे 20 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जबकि इस मामले में एक आरोपी को पुलिस जेल भेज चुकी है तथा दूसरे ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि 29 अगस्त 2023 को लोनी बार्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली किशोरी के साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर अंकुश को दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अंकुश ने इस वारदात में अपने दो अन्य साथी उमाशंकर तथा सलमान के नाम भी उजागर किए थे। उमाशंकर 31 अक्टूबर 2023 को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। जबकि सलमान फरार चल रहा था। 20 फरवरी 2024 को सलमान की गिरफ्तारी पर 20 हजार के ईनाम की घोषणा की गई थी। बुधवार को पुलिस ने सलमान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से तमंचा कारतूस और चोरी की स्कूटी बरामद हुई है। इसके अलावा लोनी बार्डर थाने की पुलिस ने ही अंकित कुमार स्वामी निवासी करावलनगर दिल्ली के चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

दबंग ने पडोसी युवक को धमकी दी

लोनी करंट क्राइम। लोनी बार्डर थाने की लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसके पडोस में रहने वाला संदीप शर्मा उर्फ संदीप पहलवान अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। आरोप है कि 16 मार्च को वह उसकी गैर मौजूदगी में उसके घर में घुस आया और उसकी मां को गंदी गंदी गालियां दी तथा उसे जान से मारने की धमकी चला गया। आरोप है कि शाम को वह फेसबुक पर लाइव आया और उसे जान से मारने की धमकी दी। पीडित ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

नियमित रूप से ब्रेक लें जसप्रीत बुमराह

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल में अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। बुमराह के टीम में होने से मुंबई का तेज गेंदबाजी आक्रमण हमेशा मजबूत नजर आता है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा का मानना है कि बुमराह का गेंदबाजी एक्शन जिस तरह का है उसमें गेंद डालते वक्त उनके कंधे पर काफी जोर पड़ता है और उन्हें दो महीने तक चलने आईपीएल के दौरान इसे लेकर सावधानी बरतनी होगी। बुमराह पिछले साल चोट के कारण आईपीएल के पूरे सीजन से बाहर रहे थे। हालांकि उन्होंने मैदान पर दमदार वापसी की थी और सभी प्रारूपों में भारत के नंबर एक तेज गेंदबाज बने थे। बुमराह अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और मुंबई इंडियंस को उम्मीद है कि फ्रेंचाइजी को आईपीएल के 17वें सीजन में बुमराह की सेवाएं पूर्ण रूप से मिलेंगी। 'बुमराह के लिए ब्रेक जरूरी' मैक्ग्रा ने कहा, मुझे लगता है कि बुमराह जैसे गेंदबाजों के लिए ब्रेक जरूरी है क्योंकि उन्हें हर गेंद डालने में काफी मेहनत करनी पड़ती है।

बतौर कप्तान विराट ने बनाए सबसे ज्यादा रन, जीत में धोनी अव्वल; जानें रोहित-गंभीर का कैसा है रिकॉर्ड

नइ दिल्ली। आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज 22 मार्च से होने जा रहा है। इसके लिए सभी 10 टीमें तैयारी में जुट गई हैं। हालांकि, इस बार आईपीएल काफी दिलचस्प रहने वाला है। 2008 में पहला सीजन खेला गया था। तब खेलने वाले कप्तानों में अब सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी ही ऐसे हैं जो इस सीजन में भी कप्तानी करते दिखेंगे। पुराने कप्तानों में रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस ने कप्तानी की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया है, जबकि विराट कोहली ने 2021 आईपीएल के बाद ही कप्तानी छोड़ दी थी। हालांकि, बतौर कप्तान कुछ रिकॉर्ड्स के मामले में ये दोनों अब भी शीर्ष पर बरकरार हैं। बतौर कप्तान आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बतौर कप्तान आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली शीर्ष पर हैं। उन्होंने आरसीबी के लिए 143 मैचों में कप्तानी की और 41.97 की औसत से 4994 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 133.3 का रहा। विराट ने बतौर कप्तान आईपीएल में पांच शतक और 37 अर्धशतक जड़े। वहीं, दूसरे नंबर पर धोनी हैं। उन्होंने 226 मैचों में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी की और 39.83 की औसत और 137.5 के स्ट्राइक रेट से 4660 रन बनाए। इनमें 22 अर्धशतक शामिल हैं। रोहित ने 158 मैचों में मुंबई की कप्तानी की और 28.07 की औसत और 129.4 के स्ट्राइक रेट से 3986 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 25 अर्धशतक लगाए। गंभीर ने दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स को मिलाकर 129 मैचों में कप्तानी की और 31.13 की औसत से 3518 रन बनाए। इनमें 31 अर्धशतक शामिल हैं। डेविड वॉर्नर 83 मैचों में 3356 रन के साथ पांचवें और राहुल 2186 रन के साथ छठे स्थान पर हैं। बतौर कप्तान आईपीएल में सबसे ज्यादा जीत एक कप्तान के रूप में आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड धोनी के नाम है। उन्होंने दो टीमों के लिए कप्तानी की है। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स और राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स शामिल हैं। अपनी कप्तानी में धोनी ने 226 मैचों में से 133 मैच जीते हैं। 91 में उन्हें हार मिली है, जबकि दो मुकाबलों का कोई नतीजा नहीं निकला। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। रोहित की कप्तानी में मुंबई ने 158 मैचों में से 89 मैच जीते हैं, जबकि 69 में उन्हें हार मिली है। कोहली के नेतृत्व में बेंगलुरु ने 143 में से 66 मैच जीते, 70 में उन्हें हार मिली, जबकि तीन मुकाबले टाई रहे। चार मैचों का कोई नतीजा नहीं निकला। चौथे नंबर पर गंभीर हैं। उनकी कप्तानी में दिल्ली और कोलकाता ने कुल मिलाकर 129 मैच खेले और 71 जीते। 57 में उनकी टीम को हार मिली। एक मैच टाई रहा। 2013 से आईपीएल में बतौर कप्तान जीत/हार का रिकॉर्ड साल 2013 में बतौर कप्तान रोहित ने आईपीएल में डेब्यू किया था। रोहित के बतौर कप्तान आने के बाद से आईपीएल में उनसे बेहतर कोई कप्तान नहीं रहा है। इस दौरान उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच जीते हैं। धोनी-कोहली भी उनके आसपास नहीं हैं। 2013 से लेकर अब तक रोहित का कप्तानी रिकॉर्ड 89 जीत का है। वहीं, धोनी 87 जीत के साथ दूसरे और कोहली 62 जीत के साथ तीसरे नंबर पर हैं। गंभीर ने इस दौरान 42 और वॉर्नर ने इस दौरान 40 मैच जीते हैं।

भाजपा महानगर मंत्री गुंजन शर्मा ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भारतीय जनता पार्टी के महानगर मंत्री पंडित गुंजन शर्मा (एडवोकेट) द्वारा कविनगर स्थित सी-ब्लॉक पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति पर सभी आगंतुक झूमते नजर आए। जिसके बाद फूलों से होली भी खेली गई। राधा-कृष्ण के भजन भी प्रस्तुत किये गये। पंडित गुंजन शर्मा ने सभी आगंतुकों को चंदन का टीका लगाकर एवं पटका पहना कर स्वागत किया। होली मिलन समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद जनरल वीके सिंह, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, एमएलसी दिनेश गोयल, भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री सुशील गौतम, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा, निवर्तमान क्षेत्रीय मंत्री केके शुक्ला, सांसद के मीडिया सलाहकार अश्वनी शर्मा, करन शर्मा, लीलू, अखिल भारतवर्षीय ब्राहण महासभा के अध्यक्ष बीडी शर्मा, केसी गौड़, विनीत कांत पाराशर, आरडब्ल्यूए आई ब्लॉक अध्यक्ष विजय कक्कड़, सुभाष कांबोज, के. कौशिक, एडवोकेट कुमार मिहिर, शैलेंद्र वर्मा, निखिल शर्मा, संदीप सिंह, जय प्रकाश पाठक, पवन राय, ऋषभ धमीजा, राहुल, निमेष, प्रिंस राठौर, रजत वशिष्ठ, विपिन सैनी, विनीत भारद्वाज, अजय कौशिक, सतेंद्र, सत्यदेव त्यागी, अमित शर्मा, विकास भदौरिया सहित तमाम समाजसेवी, नेता एवं स्थानीय क्षेत्रवासियों ने जमकर फूलों से होली खेली।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को खाद्यान्न व्यापार संघ व फूड ग्रेंस के कारोवारियों ने बताईं समस्याएं

गाजियाबाद,करंट क्राइम। खाद्यान्न व्यापार संघ तथा फूड ग्रेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल तथा महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से मुलाकात की और उन्हे बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर फूड ग्रेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अनाज मंडी कारोबारियों से जुड़ी समस्याओं से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को अवगत कराया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि वह होली के बाद अनाज मंडी आएंगे और यहां के कारोबारियों की समस्या के समाधान के लिए सरकार से भी बात करेंगे। इस अवसर पर सुनील बंसल शेरू तथा आलोक गर्ग बंटी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

व्यापार मंडल वेलफेयर एसोसिएशन के होली मिलन समारोह में पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शालीमार गार्डन स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क में व्यापार मंडल वेलफेयर एसोसिएशन साहिबाबाद द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम का किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का व्यापारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम का त्योहार है, सभी मिलजुल कर एक साथ मनाएं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि व्यापारी देश के रीढ़ हैं व्यापारियों का सम्मान ही भाजपा का नारा है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप पंडित, गौरव, हरिशंकर गुप्ता, संजय चौधरी, अनिल शर्मा, अभिषेक बंसल, माधव, नरेश कौशिक, रवि, सोनू, रजत पोरवाल, मनोज वर्मा, राकेश सोनी, मुकेश अग्रवाल, चमन सिंह, कमलेश कुमार, संजय शर्मा, पवन रेड्डी आदि लोग मौजूद रहे।

एसडीजीआई यूनिवर्सिटी में ऐज टेक्नोलॉजी पर कार्यक्रम का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एचसीएलटेक के सहयोग से कटिंग ऐज टेक्नोलॉजी में करियर के अवसर के लिए सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में इंजीनियरिंग, एमसीए. एमबीए, फार्मेसी, होटल मैनेजमेंट, आर्केटेक्चर के विद्यार्थियों के लिए एचसीएलटेक के सहयोग से कटिंग ऐज टैक्नोलोजीज जैसे कि जावा डेवप्लमेंट, फुल स्टैक जावा एप्लिकेशन डेवलपमेंट में और डेटा इंजीनियरिंग जैसी अत्याधुनिक टैक्नोलोजीज में करियर बनाने के बारे में जानकारी दी गई। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकों में करियर के अवसरों और विकास की सम्भावनाओं के बारे में अवगत कराना तथा इससे सम्बन्धित ट्रेनिंग करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर एचसीएलटेक की प्रोफेश्नल स्किल्स हेड डॉ. मंजीत लेघा और सीनियर एकाउंट मैनेजर स्वाक्षर कर्माकर ने

अपने व्यापक ज्ञान और अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर हेड सीआरसी प्रो० अमित भारद्वाज, ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. डॉ. आरके खंडाल, वाइस चांसलर प्रो.डॉ. शक्ति कुमार, रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव, हेड सी.आर.सी. अमित भारद्वाज व सभी डायरेक्टर्स, डीन एच०ओ०डी०. शिक्षकों द्वारा हृदय से एचसीएलटेक को इस ट्रेनिंग के लिए धन्यवाद अर्पित किया।

छोटे हाथी पर दिया जा रहा है जोर, क्यों मचा शोर

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों फ्लैग मार्च वाला कार्यक्रम शुरू हो गया है। लोकसभा की तैयारियां और सुरक्षा वाले प्लान को फील्ड पर सफल बनाने का अभियान शुरु हो गया है। इस कार्यक्रम के बीच सूत्रों से जानकारी निकल कर आई है कि कमिश्नरेट वाली मेट्रोपॉलिटन सिटी की पुलिसिंग इन दिनों छोटा हाथी पर अधिक सवार हो रही है। दरअसल जो अर्धसैनिक बलों के जवान फ्लैग मार्च के रूप में शामिल किए जा रहे हैं, उनको लाने ले जाने के लिए छोटा हाथी लगाए गए हैं। वह छोटे हाथियों पर पीछे के हिस्से में सवार रहते हैं और अपने असलहे थामे रहते हैं। बुधवार को भी सिटी जोन के तीन अलग-अलग थानाक्षेत्रों में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकालने का कार्यक्रम हुआ। कहीं पर सिटी वाले साहब तो कहीं सिटी वाले एसीपी साहब लोगों ने पैदल फ्लैग मार्च भी किया। इस दौरान सबसे ज्यादा रोचक नजारा वह था जब छोटा हाथी का इस्तेमाल हो रहा था, सूत्र बता रहे हैं कि किसी ने इलाके वाले एक अधिकारी को बताया कि फ्लैग मार्च छोटे हाथी पर निकाला जा रहा है। जिसको लेकर कन्फ्यूजन वाला सीन हो गया। सूत्र बता रहे हैं कि उधर से कहा गया था कि आचार संहिता लगी हुई है। हाथी का इस्तेमाल ना किया जाए। सूत्रों ने बताया है कि जब इलाके के साहब को पता चला कि छोटे हाथी का मतलब ओपन छोटा टैंपो होता है, तब मामले में साइलेंट वाला मोड़ आया। वैसे पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन में एक समय था जब फ्लैग मार्च निकलते थे, तो उसका संदेश सोशल मीडिया से लेकर मीडिया और आम जनता तक दिया जाता था लेकिन अब गुपचुप सब हो रहा है। पुलिस का सोशल मीडिया ग्रुप भी ऐसी सूचनाओं से अछूता रहता है। कुल मिलाकर जिस तरीके की व्यवस्था बनी हुई है चुनाव में कहीं ना कहीं नए अधिकारियों की मनमर्जी कुछ ब्लेंडर ना करवा दे। सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में फ्लैग मार्च को लेकर तेजी आनी है, वहीं अब अगर नंबर दो वाले अधिकारियों ने कुछ जोन को लेकर अपनी नजरें पैनी नहीं की तो कुछ भी हो सकता है। वैसे इलाके वाले एसीपी साहब लोगों ने पसीना बहाना शुरु कर दिया है वरना कुछ इलाकों के लिए पेन वाले परिणाम भी आएंगे।

संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी हुई लापता

मुरादनगर। नगर क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने दूसरे समुदाय के युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। उन्होने बताया कि 18 मार्च की रात बाहर बजे के आसपास मेरी 16 वर्षीय पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी छात्रा नहीं मिली। परिजनों ने दूसरे समुदाय के युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। अलग अलग समुदाय का मामला होने के कारण गांव में तनाव बना हुआ है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर वसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

मां बगुला मुखी की मूर्ति मंदिर से चोरी

मुरादनगर। नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर बस स्टैण्ड के पास स्थित महाकाली पीठ श्री पंचदशानाम जूना अखाड़ा मंदिर परिसर में मां बगुला मुखी की मूर्ति चोरी हो गई।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महंत सत्यानारायण पंड़ित ने बताया कि वह दोपहर को मंदिर से अपने घर पर खाना खाने के लिए गए थे। जब वह वापस आए तो मंदिर परिसर में मां बगुला मुखी की मूर्ति गायब थी। उन्होने बताया कि बदमाश मूर्ति को चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक्टिव ग्रीन संस्था ने गौरय्या दिवस पर बच्चों व महिलाओं को जागरुक किया

गाजियाबाद,करंट क्राइम। गौरय्या दिवस पर एक्टिव ग्रीन संस्था द्वारा नंदग्राम में बच्चों व महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण व गौरैया को बचाने के लिए जागरूक किया गया। संस्था द्वारा बच्चों द्वारा चिड़िया के खाने पीने के लिए बेकार पड़े कनस्तर का ही बर्ड फीडर बनाकर उसे लगवाया गया।

संस्था की अध्यक्ष निधि विश्वकर्मा का कहना है कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए हमें जल, वायु, प्रकृति, सभी का संरक्षण करना होगा तभी हम विलुप्त होती कई प्रजातियों को बचा सकते हैं और यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। इस मौके पर निधि विश्वकर्मा, सीमा भसीन, अंजू, नीतम, ज्योति व बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त ने त्योहारों को लेकर अधिकारियों संग की प्लानिंग, प्रतिबंधित प्लास्टिक तथा अवैध अतिक्रमण हटाने पर तेजी से होगा काम

● सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर निगम द्वारा हर बार सभी धार्मिक पर्वों को लेकर व्यापक तैयारियां की जाती हैं इसी क्रम में इस बार भी नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने आगामी त्योहारों को लेकर पूरी प्लानिंग अधिकारियों के साथ की गई है। नगर आयुक्त के साथ तैयारी बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, महाप्रबंधक जल के पी आनंद, लेखाधिकारी डॉक्टर गीता कुमारी व अन्य संबंधित अधिकारियों की टीम उपस्थित रही। बैठक में सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित बिंदुओं को समझा तथा उन पर कार्यवाही प्रारंभ करने की योजना बनाई। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि नगर निगम के सभी विभाग और उनकी टीमें अपने-अपने संबंधित कार्यों को बेहतर तरीके से करेंगे। नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग संबंधित कार्यों को और बेहतर करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। होली का त्योहार, नवरात्रों की तैयारी, ईद का पर्व, रामनवमी की तैयारी व अन्य आने वाले त्योहारों को शहर में धूमधाम से मनाया जा सके इसके लिए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जायेगा। सड़कों को धूलमुक्त करने का कार्य, ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज की सफाई का कार्य, सड़कों पर पानी के छिड़काव का कार्य, मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी बृहद सफाई अभियान का कार्य, प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य, धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई का कार्य, डस्टबिन की व्यवस्था का कार्य, सड़कों को पूर्णतः गड्ढामुक्त करने का कार्य, मंदिरों तथा मस्जिदों के बाहर पानी के टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति का कार्य, प्राचीन मंदिरों तथा प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण का कार्य व अन्य स्वास्थ्य संबंधित कार्यों को सुदृढ़ तरीके से करने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही शहरवासियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कहा गया है। बैठक में प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध बृहद स्तर पर अभियान, तथा अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को कहा गया जोनल प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने के लिए कहा गया है, तथा बाजारों में आवागमन सरल बना रहे इसका विशेष ध्यान रखने के लिए समय-समय पर अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं।

साप्ताहिक बाजार में मनचले ने युवती के साथ छेड़छाड़ की

लोनी, करंट क्राइम। सहेली के साथ साप्ताहिक बाजार में गई युवती के साथ मनचले ने छेड़छाड़ और अश्लील

हरकतें कीं। पीड़िता के पिता ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी बॉर्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि 17 मार्च की रात नौ बजे उसकी पुत्री अपनी सहेली के साथ मौहल्ले के साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गई थी। इसी दौरान मौहल्ले के ही एक युवक ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ तथा अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर पुत्री के साथ मारपीट भी की। पीड़िता के पिता ने आरोपी हर्ष के विरुद्ध लोनी बार्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

पीएम मोदी ने की सराहना

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के लिए थाई-भारतीय समुदाय खुश

● दोनों देशों के बीच धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध होंगे मजबूत

बैंकॉक। थाई-भारतीय समुदाय ने भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को थाईलैंड भेजे जाने पर खुशी जताई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस कदम को सराहा और कहा कि इससे दोनों देशों के बीच गहरे धार्मिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे। दरअसल, बैंकॉक में भारतीय दूतावास में भारतीय अल्पसंख्यक फाउंडेशन (आईएमएफ) द्वारा लचीले इंडो-पैसिफिक भविष्य के निर्माण के लिए थाई-भारतीय समुदाय की भूमिका विषय पर सद्भावना कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें शामिल थाई-भारतीय समुदाय ने कहा कि पीएम मोदी ने स्वतंत्र, खुले और समावेशी इंडो-पैसिफिक देशों को मजबूत और प्रगतिशील नेतृत्व प्रदान किया है। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रभुत्व मुक्त शांति और स्थिरता के लिए पीएम मोदी के रुख की भी सराहना की।

आधिकारिक सूचना के अनुसार, इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद और आईएमएफ संयोजक, सतनाम सिंह संधू, आईएमएफ के सह-संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद, अन्य गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविदों, व्यापारिक नेताओं और थाई-भारतीय के सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया। इस समुदाय में सिख, बौद्ध, हिंदू और दाऊदी बोहरा मुस्लिम शामिल थे।

इसलिए 10 वर्षों से भारत-थाईलैंड के विकसित हुए हैं संबंध

थाईलैंड में भारतीय प्रवासियों ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री मोदी ने लुक ईस्ट को एक्ट ईस्ट नीति में जारी रखने की घोषणा की है, थाईलैंड और भारत के बीच संबंध पिछले 10 वर्षों में विकसित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर और हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच थाईलैंड और अन्य हिंद-प्रशांत देशों के साथ भारत की साझा रणनीतिक समुद्री सीमा भू-राजनीतिक महत्व रखती है।

बौद्ध समुदाय के सदस्यों ने फरवरी से मार्च 2024 तक थाईलैंड में बुद्ध और उनके दो शिष्यों के अवशेष भेजकर अस्थायी रूप से स्थापित करने के लिए पीएम मोदी के इस कदम पर आभार व्यक्त किया।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में पीएम मोदी के संदेश और बौद्ध धर्म को संघर्ष और हिंसा से बचाने के भारत के मिशन की सराहना की।

पाकिस्तान में खदानें बन रहीं मुसीबत

विस्फोट के कारण धंसी कोयला खदान, 12 मजदूरों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान से एक बुरी खबर सामने आ रही है। यहां के बलूचिस्तान में शक्तिशाली विस्फोट होने के कारण एक कोयला खदान धंस गई, जिससे कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोगों को बचा लिया गया। बताया जा रहा है कि घटना हरनाई जिले के हरदालो इलाके में हुई। जिस वक्त हादसा हुआ उस समय खदान के अंदर 20 मजदूर काम कर रहे थे

बलूचिस्तान के मुख्य खान निरीक्षक अब्दुल गनी बलूच के हवाले से बताया गया है कि बीती रात जब मीथेन गैस में विस्फोट हुआ तब खदान के अंदर 20 मजदूर मौजूद थे। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान बुधवार सुबह पूरा हो गया। टीम को खदान के अंदर से 12 शव मिले, जबकि घायल हुए आठ लोगों को तुरंत अस्पाल ले जाया गया है।



आठ मजदूर घायल, तुरंत अस्पताल भेजा गया

मृतकों की संख्या की पुष्टि : बलूच ने बताया कि रात के समय दो शव बरामद किए गए, जबकि 10 शव बुधवार की तड़के मिले। खनन महानिदेशक अब्दुल्लाह शाहवानी ने भी मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। इस बीच प्रधानमंत्री शहवाज शरीफ ने घटना पर दुख जताया और जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया उनको सांत्वना दी।

पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

- पिछले साल दिसंबर में बलूचिस्तान के डुकी कोयला क्षेत्र में एक निजी खदान में आग लगने से दो मजदूरों की जान चली गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे।
- वहीं, सितंबर में सिंध के जामशोरो में एक कोयला खदान धंसने से तीन मजदूर मलबे में दब गए थे।
- साल 2022 में, हरनाई जिले में एक कोयला खदान के अंदर गैस विस्फोट में छह खनिक मारे गए थे।

पीएम ने घायलों को हरसंभव मदद देने की घोषणा भी की।

अमेरिका ने माना पाक चुनाव में हुई धांधली

● कहा- मानवाधिकारों को कुचला गया

इस्लामाबाद। अमेरिका ने पाकिस्तान आम चुनाव में हुई कथित धांधली की बात को माना है और इसे लेकर चिंता जाहिर की है। अमेरिका ने पाकिस्तान में लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत करने और आतंकवाद से निपटने में मदद देने का भी आश्वासन दिया। दरअसल अमेरिका के राजनयिक और पाकिस्तान मामलों के जानकार डोनाल्ड लू ने पाकिस्तान चुनाव में हुई कथित धांधली को लेकर अपनी लिखित गवाही संसद की समिति के पास भेजी थी, जिसे अब सार्वजनिक किया गया है।

डोनाल्ड लू ने अपनी गवाही में कही ये बात

डोनाल्ड लू ने अपनी गवाही में कई मुद्दों पर चिंता जाहिर की और दोनों देशों के भविष्य को लेकर भी अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि अमेरिका का विदेश विभाग पाकिस्तान में हुई चुनावी हिंसा, मानवाधिकारों पर प्रतिबंध, आजादी, मीडिया पर हमले और कम्युनिकेशन सेवाओं पर प्रतिबंधों की निंदा करता है। चुनावी प्रक्रिया में कथित धांधली पर भी चिंता जाहिर की गई और कहा कि आरोपों की विस्तृत जांच होनी चाहिए।

चुनाव में हुई हिंसा

लू ने कहा कि पुलिस, नेताओं और जनसभाओं के दौरान हमले हुए। कई पत्रकारों, खासकर महिला पत्रकारों का उत्पीड़न किया गया।

'भारत ने पूरी दुनिया में सिखों की सुरक्षा के लिए आश्वस्त किया'

अमेरिकी सिख नेता ने जयशंकर-राजनाथ की तारीफ की

वाशिंगटन। अमेरिका के एक प्रतिष्ठित सिख नेता ने बताया कि भारत सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत दुनियाभर में समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका के सिख संगठन के जस्सी सिंह हाल ही में भारत का दौरा करके लौटे हैं। एक सिख प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

केंद्रीय मंत्रियों से की विकास की बात : जस्सी सिंह ने बताया कि भारत के इन वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने बात की कि कैसे सिख समुदाय भारत की मदद कर सकता है और देश के विकास का हिस्सा बन सकता है। उन्होंने कहा, हमें बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार दुनिया भर के सिख समुदाय की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

जस्सी सिंह ने आगे कहा, बैठक में हमने पंजाब में विकास को लेकर चर्चा की। पंजाब को अलगाववादी आंदोलन के दौरान बहुत नुकसान का सामना करना पड़ा है।

इस्राइल की सैन्य कार्रवाई से जो बाइडन परेशान

अमेरिकी राष्ट्रपति और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर हुई बात

वाशिंगटन। इस्राइल अब हमास के खिलाफ गाजा के राफा में सैन्य कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इसके पक्ष में नहीं हैं और वह इसे लेकर सार्वजनिक तौर पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। अब अमेरिका के सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने भी बयान जारी कर बताया कि जो बाइडन इस्राइल के राफा में बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई करने को लेकर बेहद चिंतित हैं। सुलिवन ने बताया कि इस मुद्दे पर सोमवार को राष्ट्रपति बाइडन और इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर भी बात हुई।

इस्राइल का रुख हुआ नरम

इस बातचीत में बेंजामिन नेतन्याहू, इस्राइल की एक इंटर एजेंसी टीम को अमेरिका भेजने के लिए तैयार हो गए हैं। इस्राइल की इस टीम में सेना, खुफिया एजेंसी और शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे।

यह टीम अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी कि कैसे राफा में बिना किसी बड़ी सैन्य कार्रवाई के हमास के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। गौरतलब है कि बीते करीब एक महीने में पहली बार जो बाइडन और बेंजामिन नेतन्याहू के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई।

राफा में सैन्य कार्रवाई का क्या होगा नुकसान

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन ने बताया कि इस्राइल, गाजा सिटी और खान यूनिस की तरह राफा में भी बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। राफा में अभी दस लाख से ज्यादा शरणार्थी रह रहे हैं, जो गाजा सिटी और खान यूनिस से जान बचाकर रफा पहुंचे हैं। अब अगर इस्राइल राफा में भी सैन्य कार्रवाई करता है तो फिर ये शरणार्थी कहां जाएंगे?

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज बोलीं -

महिला सशक्तिकरण से 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

वाशिंगटन। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बताया कि देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई अहम कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह से समाज में लैंगिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। दरअसल भारतीय मिशन ने संयुक्त राष्ट्र में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। कंबोज ने कहा कि भारत महिला सशक्तिकरण से ही 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा।

भारतीय मिशन ने संयुक्त राष्ट्र में कही ये बात

कार्यक्रम के दौरान भारत की यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिलाओं के लिए एक बहुमुखी रणनीति तैयार की जा रही है, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से लैंगिक न्याय, समानता और भारत के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र में महिलाओं की स्थिति पर 68वीं वार्षिक बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक 11 मार्च से 22 मार्च तक चलेगी। इसी बैठक के दौरान भारतीय मिशन ने भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता से भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। पीएम मोदी का विकसित भारत के लिए विजन है कि उसमें महिलाओं की भी पूरी सहभागिता हो।

धार्मिक भय की कड़ी निंदा की

हाल ही में भारत ने संयुक्त राष्ट्र में धार्मिक भय की कड़ी निंदा की थी। भारत की संयुक्त प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि चाहे यहूदी विरोधी भावना हो, ईसाई धर्म विरोधी या इस्लाम विरोधी भावना, भारत सभी के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म विरोधी भावनाएं बढ़ी हैं और कई जगह मठ-मंदिरों और गुरुद्वारों में हमले हो रहे हैं। इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय पर प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कंबोज ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारत सभी धर्मों का सम्मान करता है और पूरे विश्व को परिवार की नजर से देखता है।

'अगर पुतिन सफल होते हैं तो वे यहां ही नहीं रुकेंगे'

● अमेरिका ने यूक्रेन का समर्थन कर चेताया

बर्लिन। रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से जंग जारी है। दोनों ही पक्ष एक दूसरे से हार मानने को तैयार नहीं हैं। हालांकि, अमेरिका समेत कई अन्य देश इस युद्ध के कारण रूस से खफा हो गए हैं, फिर भी हालात सही नहीं हो रहे। एक बार फिर अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यूक्रेन के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। साथ ही कहा कि अगर व्लादिमीर पुतिन यहां सफल होते हैं तो वह यहां ही नहीं रुकेंगे।

रूस के हमलों से डरकर यूक्रेन पीछे नहीं हटेगा

यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह की 20 वीं बैठक में ऑस्टिन ने कहा कि रूस के हमलों से डरकर यूक्रेन पीछे नहीं हटेगा और न ही संयुक्त राज्य अमेरिका। बता दें, बैठक जर्मनी के रामस्टीन एयर बेस में हुई, जिसमें यूक्रेन की लड़ाई में सहायता के लिए मिलकर काम कर रहे देशों की तारीफ की गई। वहीं, ऑस्टिन और वायु सेना के जनरल सीक्यू ब्राउन, जूनियर, संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष ने यूक्रेन को सहायता, प्रशिक्षण और क्षमताओं को पहुंचाने के लिए 50 से अधिक देशों और संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

पुतिन के सपनों की कीमत रूस ने चुकाई

रक्षा विभाग का कहना है, 'दो साल से अधिक समय से यूक्रेन की सेना ने साहस के साथ पुतिन की आक्रामकता का मुकाबला किया है। वहीं, रूस ने पुतिन के साम्राज्यवादी सपनों के लिए एक बड़ी कीमत चुकाई है।

'अफ्रीकी देश गांबिया में महिलाओं का खतना अब प्रतिबंधित नहीं'

संसद में हुआ मतदान

लंदन। पश्चिमी अफ्रीकी देश गांबिया की संसद ने महिलाओं के जननांगों से जुड़ी रुढ़िवादी परंपरा पर प्रतिबंध हटाने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि महिलाओं के प्राइवेट पार्ट से जुड़ी प्रक्रिया- खतना को मेडिकल साइंस की भाषा में महिला जननांग विकृति (ऋ्रीं ऋ्रील्ल३' ट४३'३ङ्खल्ल) कहा जाता है। इस प्रक्रिया में महिलाओं के जननांग को आंशिक या पूर्ण रूप से हटाया जाता है। महिला अधिकार कार्यकर्ता इसे 'चोट पहुंचाना' बताते हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गैर चिकित्सीय कारणों से जननांगों को विकृत किया जाता है।

2015 में लगाया गया बैन हटा; संसद में विरोध में केवल 4 वोट

सोमवार को गांबिया की संसद में महिलाओं के खतना पर मतदान कराए गए। इस फैसले के बाद गाम्बिया को लाखों महिलाओं और लड़कियों को खतना प्रथा के खिलाफ मिली कानूनी सुरक्षा खत्म हो जाएगी। गांबिया ऐसा फैसला लेने वाला पहला देश बन सकता है। पश्चिमी अफ्रीका के नेताओं ने विवादित विधेयक के पक्ष में 42 वोट डाले। विरोध में चार वोट पड़े। संसद के फैसले के बाद साल 2015 में महिलाओं के खतना पर लगाया गया कानूनी प्रतिबंध हट जाएगा। साल 2015 में लगाए गए बैन के साथ-साथ तीन साल की जेल का प्रावधान भी किया गया था।

महिलाओं का खतना और मिस्र जैसे देश के हालात

जून, 2021 में आई बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामिक परंपराओं को मामने वाले रुढ़िवादी खतना को अनिवार्य बताते हैं। मिस्र में साल 2008 में महिलाओं का खतना प्रतिबंधित हुआ, लेकिन 13 साल बीतने के बाद भी वैश्विक स्तर पर खतना के सबसे अधिक मामले इसी देश में हैं। इस खबर के मुताबिक रुढ़िवादी मुसलमान महिलाओं को खतना के बिना 'अशुद्ध' मानते हैं। महिलाओं को खतना यानी जननांगों को विकृत किए बगैर 'शादी के लिए तैयार नहीं' माना जाता।

दुनिया के दस खुशहाल देशों में भारत 126वें स्थान पर

दुनिया में सबसे खुशहाल देश कौन है? दरअसल कनाडा के अर्थशास्त्री जॉन एफ. हेलिवेल, रिचर्ड लेयर्ड, जेफरी सैक्स, जॉन इमैनुएल डी नेवे, लारा बी. अकनिन और शुन वांग द्वारा दुनिया के सबसे खुशहाल देशों की रिपोर्ट प्रकाशित की गई है। इस सर्वेक्षण में अलग अलग देशों की जीडीपी, प्रति व्यक्ति आय, लोगों के रहन सहन, स्वतंत्रता, भ्रष्टाचार जैसे कारकों को बारीकी से देखा गया है। इसके बाद खुशहाल देशों की लिस्ट तैयार की गई।

कनाडा। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस सर्वेक्षण में नॉर्डिक देशों ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन और इजराइल दुनिया के टॉप पांच खुशहाल देश हैं। इस सर्वेक्षण में तालिबान से त्रस्त अफगानिस्तान को सबसे निचले पायदान यानी 143वें नंबर पर रखा गया है। खास बात यह है कि इस लिस्ट में अमेरिका और जर्मनी ने पहली बार शीर्ष 25 खुशहाल देशों की लिस्ट में जगह बनाई है। अमेरिका को 23वां जबकि जर्मनी को 24वां स्थान मिला है। इसके अलावा कुवैत और कोस्टा रिका जैसे देशों की खुशहाली में भी इजाफा हुआ है। कोस्टा रिका ने 12वां और कुवैत ने 13वां स्थान हासिल कर टॉप 20 देशों की सूची में जगह बनाई है। सर्वेक्षण में बताया गया है कि उत्तरी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 30 वर्ष से कम उम्र के युवाओं के जीवन में खुशी में काफी गिरावट आई। इन देशों में युवाओं की तुलना में पुरानी पीढ़ियां ज्यादा खुश हैं। इसके ठीक उलट मध्य और पूर्वी यूरोप में सभी आयु वर्ग के लोगों की खुशहाली में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

सर्वेक्षण में भारत को 126वें पायदान पर रखा गया है। आपको बता दें कि साल 2023 के सर्वेक्षण में भी भारत को 126वां स्थान मिला था।

सबसे निचले पायदान पर अफगानिस्तान

इस सर्वेक्षण में तालिबान से त्रस्त अफगानिस्तान को सबसे निचले पायदान यानी 143वें नंबर पर रखा गया है। अफगानिस्तान, लेबनान और जॉर्डन जैसे देशों की खुशहाली में 2010 के बाद से लगातार गिरावट देखने को मिली है।

शीर्ष स्थान पर क्यों है फिनलैंड?

फिनलैंड के हेलसिंकी विश्वविद्यालय के शोधकर्ता जेनिफर डी पाओला का कहना है कि ह्यफिनलैंड के लोग प्रकृति से जुड़े हुए हैं। यह बंधन उनके जीवन की संतुष्टि को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है।

रिपोर्ट

इस सर्वेक्षण में देशों की जीडीपी, प्रति व्यक्ति आय, लोगों के रहन-सहन, स्वतंत्रता, भ्रष्टाचार जैसे कारकों को बारीकी से देखा गया है।

दुनिया के दस सबसे अधिक खुशहाल देश

1. फिनलैंड	6. नीदरलैंड
2. डेनमार्क	7. नॉर्वे
3. आइसलैंड	8. लग्जेंबर्ग
4. स्वीडन	9. स्विट्जरलैंड
5. इजराइल	10. ऑस्ट्रेलिया

रिकॉर्ड गर्मी और बेतरतीब मौसम के बाद रेड अलर्ट

जेनेवा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने ग्लोबल वार्मिंग को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। अपनी हालिया रिपोर्ट में वैश्विक संगठन ने कहा है दुनिया की प्रवृत्ति को बदलने के प्रयास अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। इस रिपोर्ट में साल 2023 में ग्रीनहाउस गैसों, भूमि और पानी के तापमान और ग्लेशियरों और समुद्री बर्फ के पिघलने में हुई अप्रत्याशित बढोतरी का भी हवाला दिया गया है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने मंगलवार को 'वैश्विक जलवायु की स्थिति' रिपोर्ट जारी की है। इसमें चिंता जताई गई है कि जलवायु में हो रहे अप्रत्याशित परिवर्तनों को रोकने और उन्हें बदलने के लक्ष्यों पर खतरा मंडरा रहा है।

इतना ही नहीं पृथ्वी के तापमान में तेजी बढ़ोतरी हो रही है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने कहा है कि दुनिया को ग्रहों के तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस(2.7 डिग्री फारेनहाइट) तक सीमित करने के लिए एकजुट होना होगा।

गुटेरस बोले- हमारा ग्रह खत्म होने की कगार पर

इस रिपोर्ट को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी एक संकट कॉल जारी कर रही है। वैश्विक जलवायु रिपोर्ट में ताजा आंकड़े ग्रह को अंतिम कगार पर दिखाती है। वहीं, यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन स्कूल के डीन जोनाथन ओवरपेक ने भी इस रिपोर्ट पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि ये रिपोर्ट चिंताजनक है। सभी बुरी खबरों के अलावा, मुझे सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि ग्रह अब पिघलने के चरण में है।

अक्षय ऊर्जा ही समाधान

संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख गुटेरस ने जोर देकर कहा कि दुनिया के पास अभी भी धरती के दीर्घकालिक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा से नीचे रखने और जलवायु की सबसे खराब स्थिति से बचने का मौका है। इसके लिए सभी देशों को अक्षय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) के इस्तेमाल को बढ़ाना चाहिए।

जलवायु परिवर्तन बना तापमान वृद्धि का कारण

जलवायु परिवर्तन को इसी बात से समझा जा सकता है कि डब्ल्यूएमओ के महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते में तय की गई 1.5 डिग्री सेल्सियस के इतना करीब दुनिया कभी नहीं थी। वहीं, यूरोपीय संघ की कॉपरनिकस क्लाइमेट सर्विस ने बताया है कि कैलेंडर वर्ष 2023 1.48 सेल्सियस (2.66 फारेनहाइट) पर 1.5 डिग्री सेल्सियस से ठीक नीचे था, लेकिन इस साल की रिकॉर्ड गर्म शुरूआत ने 12 महीने के औसत को उस स्तर से आगे बढ़ा दिया।

हिमांशु लव के होली मिलन समारोह में बरसा अपनेपन और सम्मान का रंग

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद हिमांशु लव द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में काव्य सरिता बही और सम्मान की परिपाटी को सभी ने सराहा। इस होली मिलन समारोह में पूर्व सांसद केसी त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी को मंच पर सम्मानित किया गया। इस होली मिलन समारोह में युग करवट के प्रधान संपादक सलामत मियां, जर्नी ऑफ सक्सेस के संपादक सुबोध शर्मा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 5 सफाई कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह में पधारे कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। कविवर कृष्णमित्र चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

कांग्रेस प्रवक्ता डॉली शर्मा ने की कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात, किया राजनीतिक विमर्श

नई दिल्ली। बुद्धवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की पूर्व पार्टी प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से कर्नाटक भवन में अनौपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक विमर्श किया और गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न बहुमंजिली इमारतों में रह रहे दक्षिण भारतीय मतदाताओं को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रभावित करने के तौर-तरीकों से अवगत हुईं। इसी क्रम में कांग्रेस प्रवक्ता डॉली शर्मा ने उन्हें अवगत कराया कि गाजियाबाद समेत दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों में दक्षिण भारतीय मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है, जो कांग्रेस और उसके समर्थक दलों से सहानुभूति रखते हैं। बस हमें ऐसी रणनीति बनानी है, जिससे उनका वोट पर्याप्त मात्रा में हमें मिल सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि पार्टी के लोग इस नजरिए से उन्हें पूरी मदद करेंगे, जिससे उत्तरप्रदेश के विभिन्न इलाकों में कांग्रेस को आशातीत मजबूती मिलेगी। इस बात की जानकारी मीडिया प्रभारी कमलेश पांडेय ने दी।

विश्व टीवी दिवस पर यशोदा अस्पताल कौशाम्बी में कार्यक्रम आयोजित

साहिबाद, करंट क्राइम। टीवी दिवस के उपलक्ष में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में एक सेमिनार आयोजित किया गया तथा हॉस्पिटल ने टीवी रोगियों के इलाज हेतु अपना स्टेप्स सिस्टम फॉर टीवी एलिमिनेशन इन प्राइवेट सेक्टर स्नेंटर भी शुरू किया!

यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी ने देश के टीवी उन्मूलन प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करते हुए स्वर्ण स्तर पर कॉर्पोरेट टीवी प्रतिज्ञा ली है ! डॉक्टर उपासना अरोड़ा के दूरदर्शी नेतृत्व में यशोदा अस्पताल उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।अब चिकित्सा देखभाल की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ते हुए, आज यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कौशांबी ने अपना स्टेप्स केंद्र शुरू किया! इस संबंध में यशोदा अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों को टीवी और यशोदा सुपर सेंटर के अपडेट के बारे में जानकारी देने के लिए सुधा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कौशांबी द्वारा विश्व टीवी दिवस का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया! इस सेमिनार का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा गणमान्य अतिथियों के स्वागत से किया गया! उद्घाटन सत्र का प्रारंभ डॉ सुनील डागर, सी ओ ओ - यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के स्वागत भाषण से हुआ। तत्पश्चात डॉक्टर सुनील डागर ने देश में टीवी उन्मूलन की दिशा में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों पर प्रकाश डाला!

डॉक्टर अनिल कुमार - डीटीओ गाजियाबाद ने 'उत्तर प्रदेश में टीवी परिदृश्य' पर चर्चा की! डॉक्टर संजय कुमार मट्टू- एडिशनल डीडीजी-टीबी ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा सभा को संबोधित किया! तत्पश्चात डॉक्टर छवि गुप्ता ने यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के स्टेप्स सेंटर को लॉन्च करने की घोषणा की तकनीकी सत्र का आरंभ डॉक्टर के के पांडे- यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी की अध्यक्षता में किया गया! सत्र की वक्ता के रूप में डॉक्टर छवि गुप्ता ने स्टेप्स सेंटर से जुड़ी विस्तृत जानकारी की प्रेजेंटेशन अतिथियों के सम्मुख प्रस्तुत की।

पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने वार्ड 41 में 10 बेंच डलवाई

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। साहिबाबाद वार्ड नंबर 41 नगर निगम गाजियाबाद में पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के द्वारा झंडापुर और महाराजपुर में बैठने के लिए 10 बैंच डलवाई गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए, वार्ड नंबर 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल के द्वारा हमारे वार्ड नंबर 41 में 10 बैंच लगवाई गई जिसमें दो बैंच वाल्मीकि श्मशान घाट महाराजपुर दो बैंच बी एल शमशान घाट, महाराजपुर तीन बैंच, अंबेडकर पार्क झंडापुर एक बैंच, सिद्धबली हनुमान मंदिर झंडापुर और दो बैंच, छठ पूजा घाट औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 साहिबाबाद पर डलवाई गई। जिसके लिए पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने गाजियाबाद नगर निगम की मेयर सुनीता दयाल का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। साथ ही लोगों को भरोसा दिलाया आगे भी ऐसे कार्य करते रहेंगे जो जनता के हित कमे हों।

सांसद जनरल वीके सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के कई होली मिलन कार्यक्रमों में हुए शरीक

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद जनरल डॉ. वीके सिंह अपने संसदीय क्षेत्र में आयोजित होली मिलन के कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। सबसे पहले जनरल वीके सिंह पुराना कविनगर स्थित सी-ब्लॉक पार्क में आयोजित स्नेह व रंगोत्सव से सुसज्जित 'होली मिलन कार्यक्रम' में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इसके साथ ही सांसद जनरल वीके सिंह'इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन' आईआईए द्वारा कविनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित होटल डायमंड पैलेस में आयोजित होली मिलन समारोह₹ में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उद्यमियों की हार्दिक इच्छा थी कि जनरल साहब ही इस कार्यक्रम में सम्मलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। दोनों कार्यक्रमों में शामिल होकर जनरल साहब ने सभी क्षेत्रवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और सभी के साथ रंग-गुलाल और मिठाई का आनन्द लिया।

डॉ. बीपी त्यागी ने फ्री रेबीज इंजेक्शन देने का जनता को आश्वासन दिया

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय जनसत्ता दल के हेल्थ प्रभारी डॉ. बीपी त्यागी ने केला भट्ठा पीएसी चौक पर आमजन को रेबीज के बारे में जानकारी दी। डॉ. त्यागी ने कहा कि आमजन को रेबीज के इंजेक्शन सरकारी अस्पताल में नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने सभी को रेबीज इंजेक्शन का शेड्यूल बताया व हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल में फ्री रेबीज इंजेक्शन व सीरम लगाने का आस्वासन दिया। डॉ. त्यागी ने कहा कि अगर सरकारी अस्पताल में रेबीज का टीका नहीं लगाया जायेगा तो आरडीसी स्थित हर्ष ईएनटी हॉस्पिटल में टीके के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

सीएंडडी वेस्ट के निस्तारण को लेकर नगर आयुक्त ने की समीक्षा बैठक, अभियंताओं की लगाई क्लास

सीएंडडी वेस्ट के निस्तारण को शहर में बनेंगे सेकेंडरी प्वाइंट, वसुंधरा से शुरूआत करेगा निगम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग की टीम से कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन मलवे के निस्तारण हेतु विस्तृत चर्चा की जिसमें अधिशासी अभियंताओं सहित अवर अभियंता, तथा टेक्निकल सुपरवाइजरों की भी क्लास लगाई। नियमित जोनवार सीएंडडी वेस्ट निस्तारण की कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव व अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी व अन्य संबंधित टीम उपस्थित रहीं। निगम जिस प्रकार शहर के कचरे का निस्तारण प्रतिदिन करता है इसी प्रकार निर्माण तथा विध्वंस अपशिष्ट के निस्तारण के लिए भी कार्यवाही कर रहा है जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निर्माण विभाग की टीम को बैठक के दौरान निर्देश दिए हैं कि शहर से सृजित होने वाला सीएंडडी वेस्ट का नियमित निस्तारण किया जाए। इसके अलावा वसुंधरा सेक्टर 7 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सेकेंडरी प्वाइंट बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य अभियंता एन के चौधरी ने बताया कि लगातार निर्माण विभाग की टीम निर्माण तथा विध्वंस अपशिष्ट का निस्तारण करने के लिए कार्यवाही कर रही है जिसको और अधिक प्रबंध करने के लिए बैठक में कहा गया। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों का सहयोग लेने के लिए भी कहा गया है। आरडब्ल्यूए पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शहरवासियों को सीएंडडी वेस्ट के बारे में जागरूक किया जाएगा। शहर के 5 जोन के अंतर्गत सेकेंडरी पॉइंट भी बनाए जाएंगे। गाजियाबाद 311 ऐप के माध्यम से भी प्राप्त शिकायतों पर अविलंब कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं निर्माण से सृजित होने वाले मलवे का सही प्रकार से निस्तारण होना बहुत जरूरी है जिससे एयर क्वालिटी में भी सुधार होगा तथा वायु प्रदूषण को पूर्णतः समाप्त करने के लिए गाजियाबाद नगर निगम लगातार प्रयासरत है।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाई बहन का रिश्ता स्नेह का होता है। शब्दो से भी भावनाओं का इजहार होता है। खोड़ा मकनपुर नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी को उनके भाई विजय यादव ने जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दीं। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।